● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 96, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 13 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भारत आतंकवादियों को खोजकर खत्म कर देगा: हिमंत 5

मैं अपने कैरियर को खुशी से याद रखूंगा: कोहली 6

# हर आतंकी हमारी बहन-बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम जान चुका है : पीएम

## पीएम बोले-पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा, पाक के खिलाफ कार्यवाही सिर्फ स्थगित, फिर हिमाकत की तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रात ने आज देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। क्रूरता थी। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।

इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की दूर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। बड़े-बड़े आतंकी हमलों के तार इन्हीं ठिकानों से जुड़ते हैं

जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों



की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं।

आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, साथियों! भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था और इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया। आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने के बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया।

दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया और कहा, साथियों! हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना हमारी एकता हमारी सबसे शक्ति होगी। निश्चित तौर पर यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद-पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा। इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है- टेरर और टॉक, एकसाथ नहीं हो सकते। टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं चल सकते। सिंधु जल संधि के निलंबन की तरफ इशारा करते हुए पीएम मोदी ने साफ किया कि पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकते।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के ड्रोन्स, भारत की मिसाइलों ने सटीकता से हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिन पर पाकिस्तान को बहुत घमंड था। भारत ने पहले तीन दिन में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। इसलिए भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा।

# कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे।

कोहली ने 10 मई को बीसीसीआई से कहा था कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं। बोर्ड ने कोहली को अपने फैसले पर फिर विचार करने को कहा था। 11 मई को बोर्ड के एक अधिकारी ने उनसे बात भी की थी। दिसंबर/जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में हुई बॉर्डर- गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर



नहीं था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इनमें एक शतक शामिल था।

विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए। विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए।

विराट ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉरमेट मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दी और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा।

सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बंद 32 हवाई अड्डे फिर से खोले गए

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव के चलते बंद किए गए देश के 32 हवाई अड्डों को एक बार फिर से नागरिक उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। एआईआई ने इन हवाई अड्डों पर तत्काल प्रभाव से उड़ान संचालन बहाल करने को लेकर औपचारिक घोषणा की है। गौरतलब है कि भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव के कारण 9 मई से 15 मई तक देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में स्थित 32 हवाई अड्डों, जिनमें श्रीनगर और अमृतसर जैसे प्रमुख एयरपोर्ट शामिल हैं।

# सुरक्षा के लिए 10 उपग्रह लगातार कर रहे निगरानी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख वी नारायणन ने बताया है कि इसरो के 10 सैटेलाइट्स (उपग्रह) देश की सुरक्षा के लिए लगातार रणनीतिक उद्देश्य से निगरानी कर रहे हैं। इंफाल में रविवार को सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वी नारायणन ने ये जानकारी दी। इसरो प्रमुख ने कहा कि कम से कम 10 सैटेलाइट्स लगातार 24 घंटे रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति और देशवासियों की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।

वी नारायणन ने कहा कि आप सभी हमारे पड़ोसियों के बारे में



जानते हैं। ऐसे में हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैटेलाइट्स की मदद लेनी पड़ती है। हम 7000 किलोमीटर का इलाका कवर कर रहे हैं। साथ ही पूरे उत्तर पूर्व पर भी लगातार निगरानी की जा रही है और बिना सैटेलाइट्स और ड्रोन की मदद के हम इसे हासिल नहीं कर सकते।

इसरो चीफ का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष के बाद शनिवार शाम में ही संघर्ष विराम हुआ है। सेना ने बताया कि रविवार रात सीमा पर पूरी तरह से शांति रही और फायरिंग की कोई घटना नहीं हुई। गौरतलब है कि बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान में संघर्ष छिड़ गया। भारत ने 6-7 मई की मध्य रात्रि सटीकता से हमला करते हुए पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारत के हमले में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है।

## सेना ने अदम्य साहस के साथ आतंकियों को मिट्टी में मिलाया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि सेना अदम्य साहस दिखाया। सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया। सांसद संबित पात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, आज भाजपा, उसके कार्यकर्ता और देश के नागरिक सुरक्षाबलों का धन्यवाद करते हैं जिनकी वजह से ऑपरेशन सिंदूर सफल हो पाया है।

# भारत और पाकिस्तान के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को वार्ता की। जानकारी के मुताबिक, दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने 10 मई को संघर्ष विराम पर बनी आपसी सहमति पर चर्चा की। इसमें सीमा पार गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनी थी। यह बातचीत हॉटलाइन पर दोपहर 12 बजे तय थी, लेकिन यह शाम 5 बजे शुरू हुई। बातचीत के अंतिम परिणाम अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बता दें कि 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इस हमले के तार पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और पाकिस्तानी सेना से जुड़ते हुए मिले। मृतकों में अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। जिसके तहत पाकिस्तान में नौ आंतकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मुताबिक सौ से ज्यादा आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया।

# एयर मार्शल ने किया पाकिस्तान के नापाक इरादों का खुलासा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान द्वारा भारत पर हमले के लिए ड्रोन्स और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें से कई चीन और तुर्किए में बने हथियार थे। हालांकि भारत के मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम के आगे उनकी एक न चली। सोमवार को डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा चीन में बनी पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन वह भी निशाना नहीं साध पाई और हमारे एयर डिफेंस ने उसे इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि उसका मलबा हमारे



सशस्त्र बलों ने बरामद किया है।

एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि लॉन्ग रेंज रॉकेट, अनमैन्ड एरियल सिस्टम का भी पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किया गया, जिन्हें भी हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बड़ी संख्या में ड्रोन्स और अनमैन्ड कॉम्बैट एरियल व्हीकल्स से हमले की कोशिश की गई, लेकिन उन्हें भारत के स्वदेशी सॉफ्ट एंड हार्ड किल काउंटर यूएएस सिस्टम और शानदार प्रशिक्षित एयर डिफेंस सैनिकों ने तबाह कर दिया।

डीजी एयर ऑपरेशंस एके भारती ने बताया कि कल हमने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई संयुक्त सैन्य कार्रवाई की जानकारी दी। हमने ये भी बताया कि हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकियों के साथ है न कि पाकिस्तानी सेना के साथ, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों के साथ खड़े होना उचित समझा और उनकी लड़ाई को अपनी लड़ाई बना लिया। ऐसे में उनका जो भी नुकसान हुआ, उसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एक सवाल किया गया कि तुर्किए के ड्रोन्स को लेकर दुनिया में बहुत ज्यादा हल्ला मचा हुआ था, लेकिन लगता है कि बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए तुर्किए के ड्रोन्स भारत में धराशायी हो गया और दुनिया को एक संदेश चला गया है कि अब हाइब्रिड वारफेयर में इसकी औकात नहीं बची? इसके जवाब में एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि तुर्किए ड्रोन्स हों या कहीं और के भी ड्रोन्स हो, आपने देखा यहां कि तरह से ड्रोन्स के मलबे की तस्वीरें सामने आईं।

# खनन गतिविधियों के लिए यमुना नदी पर बनाया तटबंध

## सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी को दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के कालेसर वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी के पास यमुना नदी पर बांध बनाकर अनियंत्रित खनन गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोपों की जांच के लिए केंद्रीय सशक्त समिति को निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीईसी को इसकी जांच करनी चाहिए और अपनी रिपोर्ट पेश करनी चाहिए। यह याचिका अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल द्वारा दाखिल की गई थी, जिन्होंने दावा किया कि नदी के प्रवाह को हरियाणा से उत्तर प्रदेश की ओर मोड़ने के लिए बांध बनाया गया, ताकि अनियंत्रित खनन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्माण कालेसर वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी के पास किया गया है, जिससे पर्यावरण और वन्य जीवन को खतरा है।

## पाकिस्तान में लगे भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.6 मापी गई। भूकंप दोपहर 1 बजकर 26 मिनट और 32 सेकंड (भारतीय समयानुसार) पर दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था। इसका उपकेंद्र 29.12 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 67.26 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र के अंतर्गत आता है। हालांकि, अब तक किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पर जवाब दे केन्द्र सरकार: वेणुगोपाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को केंद्र सरकार से कश्मीर मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है और पूछा है कि क्या केंद्र सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है? साथ ही कांग्रेस पार्टी ने चेताया है कि अगर सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार करती है तो ये शिमला समझौते का उल्लंघन होगा। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सवाल उठाए जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई।

तिरुवनंतपुरम में पार्टी के एक कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी जानना चाहती है कि क्या देश की विदेश नीति में किसी तरह का बदलाव किया गया है। उन्होंने इस मामले पर जल्द से जल्द संसद सत्र बुलाने की मांग की। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि क्या शिमला समझौता, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के अलावा तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करता है, क्या उसका उल्लंघन हुआ है? ट्रंप रोजाना बयानबाजी कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि उन्होंने मध्यस्थता कराई है। ऐसे में सरकार को इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी पार्टी की प्रधानमंत्री से मांग है कि वे तुरंत संसद सत्र बुलाएं और इन मुद्दों पर बात करें। ये किसी पर आरोप-प्रत्यारोप के लिए नहीं है। साथ ही कांग्रेस ने हालात की विस्तार से समीक्षा, हमारी कमियों की पहचान करने और ये सुनिश्चित करने के लिए कि वे भविष्य में न हों, इसके लिए भी संसद सत्र बुलाने की मांग की।

# मध्यप्रदेश की धरती पर अब नहीं बचेंगे नक्सली : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में वर्ष-2026 तक देशभर से नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प लिया गया है। इसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार भी केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में बालाघाट जिले के पिछले दिनों नक्सल मुठभेड़ों में शामिल रहे पुलिस फोर्स, हॉक फोर्स और विशेष सशस्त्र बल के 64 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्रम पूर्व पदोन्नति प्रदान की गई है। राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम पुलिसकर्मियों का हौसला बढ़ाएगा। क्रम पूर्व पदोन्नति पुलिस इतिहास में स्वर्णिम क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट कभी



अत्यधिक नक्सल प्रभावित 12 जिलों की सूची में शामिल था। सरकार की मंशा और पुलिस के परिश्रम से अब केंद्र सरकार ने बालाघाट को गंभीर समस्या वाली श्रेणी से बाहर कर अन्य श्रेणी में रखा है। बालाघाट में नक्सल गतिविधियों में गिरावट प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बालाघाट के लांजी में आयोजित क्रम से पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैज लगाकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नत कर किया और बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को 4 दिन की लड़ाई में पस्त कर दिया। गृह मंत्री श्री शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल विरोधी अभियान संचालित हो रहा है। इस अभियान को मजबूती देने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को आधुनिक हथियारों और तकनीक से लैस किया जा रहा है। राज्य सरकार नक्सलियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। बालाघाट की धरती पर यह अलंकरण समारोह नक्सलियों को सीधा संदेश है कि वे सरेंडर करें नहीं तो मारे जाएंगे। प्रदेश की धरती पर नक्सल का खूनी खेल अब नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि आज बालाघाट में पुलिस के वीरों का सम्मान हो रहा है। पुलिसकर्मी जान की बाजी लगाकर नागरिकों की सुरक्षा करते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वोच्च बलिदान देने वाले 37 वीर पुलिसकर्मियों को नमन करते हुए कहा कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन मृत्यु ऐसी हो, जिस पर देश, प्रदेश और समाज गर्व करे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में जल गंगा संवर्धन अभियान में बालाघाट जिले में किए गए विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 169 करोड़ रुपए लागत के 93 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इनमें आयुर्वेदिक महाविद्यालय भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में प्रदेश के 51वें आयुर्वेदिक कॉलेज की नींव रखी। इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक लांजी श्री राजकुमार कर्राहे, विधायक वारासिवनी श्री विक्की पटेल, विधायक श्री गौरव पारधी, पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल और श्री रामकिशोर कावरे उपस्थित रहे।

# हर आपात स्थिति के लिए सजगता से तैयार रहें : कमिश्नर

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की सिविल डिफेंस तैयारियों की समीक्षा

**सीधी।** देश की वर्तमान स्थितियों तथा आपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखकर रीवा संभाग के सभी जिलों में सिविल डिफेंस की तैयारियाँ कर ली गयी हैं। कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में शासन के निर्देशों के अनुरूप सिविल डिफेंस की अच्छी तैयारी कर ली गयी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड से सिविल डिफेंस, वालेंटियर्स चुनकर उन्हें प्रशिक्षण दें। प्रमुख औद्योगिक संस्थानों तथा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर ले। इन स्थानों में आपदा प्रबंधन और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर मौक ड्रिल भी कर लें। सभी कलेक्टर आपदा प्रबंधन के लिए नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी तैनात कर दें।



अधिकारियों को निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सायरन की व्यवस्था कर लें। वालेंटियर्स के रूप में पूर्व सैनिक, एनसीसी, एनएसएस, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी तथा ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को शामिल करें। इन्हें आपदा प्रबंधन का पूरा प्रशिक्षण दें। सभी जिलों में कम्युनिकेशन प्लान के फोन नंबरों को अपडेट कर दें। आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रमुख विभागों के अधिकारियों का व्हाटसएप ग्रुप भी बना लें। आपातकाल में उपचार व्यवस्था देने के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी पूरी व्यवस्था कर लें। ब्लड बैंक में उपलब्ध खून की प्रतिदिन समीक्षा करें। ब्लड बैंक में पर्याप्त खून उपलब्ध रहे। इसके लिए समुचित प्रयास करें। जिले में फायरबिग्रेड को चुस्त दुरूस्त रखने के साथ सभी प्रमुख सार्वजनिक भवनों में आग बुझाने की समुचित व्यवस्था करें। होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला आदि में रूकने वाले की प्रतिदिन सूची थाने के माध्यम से प्राप्त करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम 24 घण्टे खुले रहें। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बड़े औद्योगिक संस्थान तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रखें। ब्लैकआउट के संबंध में शासन द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भण्डारण तथा वितरण के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। विस्फोटक के भण्डारण स्थलों का भी निरीक्षण अनिवार्य रूप से करायें। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे की बीच आपदा प्रबंधन के संबंध में वस्तु स्थिति की जानकारी ली जायेगी। सोशल मीडिया तथा अन्य संचार माध्यमों में तथ्यहीन और अफवाह फैलाने वाली पोस्ट पर कड़ी कार्यवाही करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में डीआईजी राजेश सिंह ने कहा कि प्रमुख स्थलों पर मॉकड्रिल आवश्यक करें। ब्लैकआउट की स्थिति में कार्यालयों एवं पुलिस थानों में बिजली और प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था करें। पेट्रोल पंपों की भी सतत निगरानी करें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा ने जिले में आपदा प्रबंधन तथा सिविल डिफेंस के संबंध में की गई तैयारियों के विषय में जानकारी दी। वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, चुरहट शैलेश द्विवेदी, कुसमी प्रिया पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नैनो उर्वरक उपयोग आधारित सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सीधी।** इफको द्वारा सीधी जिले में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्या सीधी की शाखा मझौली में नैनो उर्वरक उपयोग आधारित सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सहकरिता के माध्यम से सभी किसानों को नए उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी की उपयोग विधि, फसल उत्पादन में महत्व के बारे में किसानों को जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजेश रैकवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला केंद्रीय सहकारी बैंक सीधी के द्वारा की गयी। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के रूप श्री राजेश मिश्रा उप महाप्रबंधक इफको जबलपुर एवं श्री चन्द्रकांत सिंह ब्लॉक मेनेजर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मझौली सीधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को श्री आर के मिश्रा के द्वारा केमिकल उर्वरक जैसे युरिया, डीएपी, एनपीके की लगातार कमी एवं इनके असंतुलित उपयोग से मिट्टी, हवा एवं पानी को होने वाले नुकसान



के बारे में बताते हुए इनकी जगह नए उर्वरक जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी जो मिट्टी में ना उपयोग करते हुऐ सीधे पत्तियों के माध्याम से स्प्रे करते हुए किस प्रकार की फसल उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है इसके बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही इफको के अन्य उर्वरक सागरिका, जैव उर्वरक, जल घुलनशील उर्वरक, विशिष्ट ऊर्वरकों के उपयोग के बारे में संक्षिप्त रुप से जानकारी दी गई तथा सभी समितियों के इफको के साथ व्यवसाय प्लान एवं इफको उत्पाद के व्यवसाय से होने वाले वित्तीय लाभ के बारे में विस्तार से समझाया गया। श्री राजेश रैकवार के द्वारा इफको के साथ अधिक से अधिक व्यवसाय करने पर जोर दिया गया तथा आगामी खरीफ सीजन के लिए समितिवार इफको के उत्पादों की डिमांड की प्लानिंग की गयी। कार्यक्रम में मझौली, मड़वास एवं पोंडी शाखाओं के सभी शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक एवं सहायक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र पाल सिंह ठाकर इफको रीवा के द्वारा किया गया।

# सेवानिवृत्त जनसंपर्क अधिकारी मिश्रा अब हमारे बीच नहीं रहे

## आयुक्त जनसंपर्क ने दी श्रद्धांजलि

**सीधी।** सेवानिवृत जनसंपर्क अधिकारी श्री अरूण मिश्रा का 12 मई को सुबह 3 बजे हार्ट अटैक से दुखद निधन हो गया। श्री मिश्रा गत 10 वर्षों से लीवर सिरोसिस बीमारी से पीड़ित थे। उन्हें 3 मई को बीमार होने पर प्रार्थना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। एक सप्ताह के उपचार के बाद श्री मिश्रा लगभग पूरी तरह से स्वस्थ हो गये। अचानक 10 मई को श्री मिश्रा को सीवियर हार्ट अटैक हुआ। उन्हें सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में उपचार के लिए भर्ती



कराया गया। दो दिनों तक उपचार के बाद 12 मई को श्री मिश्रा ने अंतिम सास ली। उनका अंतिम संस्कार रीवा में किया गया। श्री मिश्रा सेवानिवृत्त के बाद रीवा में ही निवास कर रहे थे। श्री मिश्रा के निधन पर जनसंपर्क आयुक्त श्री सुदाम खाड़े ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

श्री मिश्रा मूल रूप से सतना के निवासी थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से शासकीय सेवा शुरू की। श्री मिश्रा 1992 में जनसंपर्क विभाग में सहायक सूचना अधिकारी के पद पर भर्ती हुये। श्री मिश्रा ने मंडला, डिडौरी, उमरिया, सीधी, सिंगरौली तथा रीवा जिले में विभाग में सेवाएं दी। श्री मिश्रा 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत्त हुये।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अवकाश प्रतिबंधित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र दिनांक 09.05.2025 के अनुक्रम में सीधी जिला अंतर्गत नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति के लिए समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है एवं भविष्य में अवकाश स्वीकृति पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया गया है।

जारी आदेशानुसार प्रतिबंध अवधि में अवकाश हेतु सक्षम अधिकारी विशेष परिस्थितियों में आवेदन के परीक्षण उपरांत कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी की अनुमति से अवकाश स्वीकृत कर सकेंगे।

# छत्रसाल स्टेडियम के पीछे सूखा नाला के पास मिला शव, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**सीधी।** शहर के मध्य स्थित छत्रसाल स्टेडियम के पीछे सुख नाले के पास सोमवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह मामला तब सामने आया जब दोपहर करीब 12 बजे स्थानीय लोगों ने देखा कि नाले के ऊपर बड़ी संख्या में पक्षी मंडरा रहे थे और आसपास कई आवारा कुत्ते घूम रहे थे। यह दृश्य असामान्य लगने पर लोगों ने तुरंत कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो नाले के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि



मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। घटनास्थल सुनसान होने की वजह से स्थानीय लोगों में हत्या की आशंका गहराने लगी है। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे मामला और भी रहस्यमय बन गया है। कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर शववाहन के माध्यम से मर्करी हाउस भिजवाया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी गई है। प्रत्यक्षदर्शी राम भूषण सिंह ने बताया कि उन्होंने शव के सिर पर गंभीर चोट के निशान देखे, जिससे यह प्रतीत होता है कि व्यक्ति की मौत सामान्य नहीं बल्कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर शव मिला, वह बेहद सूनसान है और आमतौर पर वहां लोगों की आवाजाही नहीं होती। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

# मायभारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से कर रहा है प्रोत्साहित

**सीधी।** मायभारत, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को मायभारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवाओं को राष्ट्रीय कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने का एक संगठित प्रयास है, विशेष रूप से आपातकालीन और संकट की स्थितियों में। इस पहल का उद्देश्य एक प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीली स्वयंसेवक शक्ति का निर्माण करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपातकाल और अन्य अनपेक्षित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग कर सके।

वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे स्थानीय प्रशासन को कई सेवाओं में सहयोग प्रदान करते हैं, जैसे कि बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन देखभाल, ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा, तथा आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता। एक प्रशिक्षित और तैयार नागरिक बल की आवश्यकता आज पहले से कहीं अधिक है, और मायभारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मायभारत, अपने ऊर्जावान युवा स्वयंसेवकों के नेटवर्क तथा सभी उत्साही युवाओं से आग्रह करता है कि वे आगे आएं और एमवाई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करें। इस पहल में मौजूदा मायभारत स्वयंसेवकों के साथ-साथ वे सभी नवयुवक भी शामिल हो सकते हैं जो राष्ट्र सेवा की इस भूमिका को निभाना चाहते हैं। यह पहल युवाओं में नागरिक उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना विकसित करती है और उन्हें व्यावहारिक जीवन रक्षक कौशल एवं प्रशिक्षण प्रदान करती है, ताकि वे संकट की घड़ी में तुरंत कार्रवाई कर सकें।

पंजीकरण की प्रक्रिया सरल है और इसे मायभारत के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर किया जा सकता है। यह युवाओं के लिए राष्ट्र सेवा में आगे आने और सभी इच्छुक युवाओं/जनता को इस राष्ट्रीय कार्य हेतु संगठित करने का आह्वान है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर पुष्पांजलि चैरिटेवल के अध्यक्ष की माँ ने बाटे फल

**सीधी।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया में प्रत्येक सोमवार को अस्पताल में भर्ती मरीजो व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो से आये लोगो को फल विस्किट बाटा जाता है। उसी क्रम में आज बुद्ध पूर्णिमा सोमवार को पुष्पांजलि चैरिटेवल के अध्यक्ष विनीत शुक्ला की माँ समाजसेवी लक्ष्मी नरेन्द्र शुक्ला के हाथो फल वितरण कर मरीजो का हाल चाल पूछा गया। कार्यक्रम में पुष्पाजलि चैरटेवल के उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल व वालेन्टियर जन तथा अस्पताल का स्टाफ व अधिकारी उपस्थित रहे । संस्था के उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल ने सेमरिया क्षेत्र व आस पास के लोगों से अपील की कि वे हर सोमवार को होने बाले फल वितरण कार्यक्रम का हिस्सा बने तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में अस्पलाल पहुचकर चिकित्सकीय सेवा का लाभ ले तथा उपलब्ध फल प्राप्त करे।

# हिरन नदी के उद्गम स्थल झोरा झरना में हुआ श्रमदान

## नदियों के पुनर्जीवन से प्रकृति की सुंदरता होगी स्थिर : लालचंद

**सीधी।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् आदर्श ग्राम पंचायत व प्रस्फुटन ग्राम रामगढ़ नम्बर 2 वन क्षेत्र से निकली हुई जलधार झोरा झरना पर श्रमदानियो द्वारा श्रमदान कर सफाई किया गया। बता दे कि झोरा झरना सीधी शहर से होकर गुजरने वाली हिरन नदी का उदगम जलप्रवाह स्त्रोत है जो आगे जाकर सूखा नदी के साथ मिलकर सोन नदी में समाहित होती है। श्रमदान करने पहुंचे भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने कहा कि हिरन नदी को पुनर्जीवित करने के लिए झोरा झरना के जल स्रोतों की सफाई करना आवश्यक है। नदियों के पुनर्जीवन से ही हमारे प्रकृति



की सुंदरता स्थिर रहेगी द्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ अध्यक्ष अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने कहा कि झोरा झरना प्राकृतिक धरोहर हैं जो रामगढ़ गांव की सुंदरता को अलौकिक और दिव्य बनाता है। श्री गौतम ने कहा कि झोरा झरना के पुनरुत्थान हेतु जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों का सहयोग आवश्यक है और निरंतर श्रमदान से इसे वास्तविक मूल पर लाया जा सकता है। इस दौरान बीजेपी पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार मनोज पाण्डेय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नं.2 अध्यक्ष अमित गौतम स्वतंत्र, रामसिया यादव, रंगकर्मी नीरज कुंदेर, सोनाचल सेवा समिति पदाधिकारी आलोक गुप्ता, युवा समाजसेवी उदय गुप्ता, कमलाकर गौतम, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, रामजी गौतम, मझौली महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ के सदस्यों ने श्रमदान किया।

# कोतवाली पुलिस ने 130 सीसी नशीली सिरप के साथ आरोपी को दबोचा

**सीधी।** प्रतिबंधित नशीली सिरप की बिक्री करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस नें गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 हजार 350 रूपए कीमती 130 शीशी नशीली सिरप जप्त कर जेल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरी पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुये प्रतिबंधित नशीली सिरप की बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए नशीली सिरप जप्त की है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कोचिटा का रहने वाला मिस्टर सिह बघेल जोगीपुर मे स्वागत ढावा के पीछे एक थैले में कोरेक्स रख कर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी कोतवाली नें वारिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया एवं उनके निर्देशानुसार पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के सूचना की तस्दीक तथा कार्रवाई हेतु रवाना किया।

पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना होकर रेड कार्यवाही की जिसमे रेड कार्यवाही के दौरान जोगीपुर मे स्वागत ढावा के पीछे संदेही नागेश्वर सिह बघेल उर्फ मिस्टर पिता राजबहोरन उर्फ बाबा सिह उम्र 33 वर्ष निवासी कोचिटा थाना कोतवाली मिला, जिसकी तलाशी लेने पर संदेही मिस्टर सिह के थैले मे आनरेक्स कप सिरप बरामद हुआ गिनती कराने पर 130 नग पायी गई। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 मप्र ड्रग्स कन्ट्रोल एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी नागेश्वर सिह बघेल उर्फ मिस्टर के कब्जे से कुल 130 नग आनरेक्स कफ सिरप कीमती 25350 रूपये को विधिवत जप्त कर आरोपी नागेश्वर सिह उर्फ मिस्टर सिह बघेल पिता राजबहोरन सिह उर्फ बाबा उम्र 33 वर्ष निवासी कोचिटा थाना कोतवाली सीधी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया, जिसे वैधानिक कार्रवाई पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल सीधी दाखिल कराया गया है।

# गणेश स्कूल के समर कैंप में हर्षोल्लास से मना मदर्स डे

**सीधी।** जीवन में ममता की सबसे सुंदर मूरत मां होती है। उनकी त्याग और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा में चल रहा 15 दिवसीय समर कैंप रविवार को मदर्स डे के नाम रहा। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ उनकी माताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सेलिब्रेशन की शुरुआत बच्चों द्वारा मम्मियों के चरण वंदन से हुई। इसके बाद बच्चों ने मेरी मां सॉन्ग पर मैशअप डांस परफॉर्मेंस दी। अगले परफॉर्मेंस में गिटार के साथ मम्मियों को तू कितनी अच्छी है मैशअप सॉन्ग को डेडीकेट किया। प्रोग्राम की



अगली कड़ी में मम्मियों के लिए ब्लाइंड फोल्ड, अजब गेम की गजब कहानी जैसे गेम्स आयोजित किए गए। इसके अलावा माताओं के सम्मान में मंच पर नन्हे बच्चों के भाव नृत्य ने उन्हें भावविह्वल कर दिया। आखिर में सारे बच्चों ने खुद से बनाए हुए मदर्स डे कार्ड मम्मियों को गिफ्ट किए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि गायत्री तिवारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी, चेयरपर्सन श्रीमती आशा किरण शर्मा एवं अनुराधा मिश्रा ने संयुक्त रूप से श्री गणेश व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि डीएसपी गायत्री तिवारी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में माता के महत्व से परिचित करवाते हुए कहा कि माँ प्रथम शिक्षक होती है माँ के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। कहा कि मां हर दर्द की दवा होती है। मां दुआओं की विशाल हृदय हैं। उन्होंने बच्चो को जागरूक करते हुए बताया, साइबर अपराधी द्वारा साइबर अपराध के नये-नये तरीके अपनाये जा रहे है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट, बिजली कनेक्शन काटने से संबंधित कॉल कर साइबर ठगी करना, ऐप फाइल डाउनलोड कराकर तथा फेक अरेस्टिंग के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करना है। कार्यक्रम में मौजूद संस्था के अध्यक्ष महेश प्रसाद शर्मा ने भी सभी को मदर्स डे पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन में माता के महत्व से परिचित करवाते हुए कहा कि मां हमारे जीवन की सबसे पहली गुरु होती हैं। उनका स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। वह हमें सिर्फ जन्म ही नहीं देतीं, बल्कि वह हमें संस्कार, प्रेम और आत्मविश्वास से भी भरती हैं। समर कैंप इंचार्ज अवतार कृष्ण ने मुख्य अतिथि सहित सभी माताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति दर्शा रही है कि हमारा कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन शुभांगना द्विवेदी एवं अंकुर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में राजकपूर चितेरा, माखनलाल मिश्र, डीके खरे, अंकिता सेन, अंकुर मिश्र, साधना शर्मा, सुजीत दीक्षित, प्रियंका सिंह एवं सचित त्रिपाठी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## संपादकीय

### मुश्किल स्थिति से गुजर रहा है पाकिस्तान

अब यह पूरी तरह साफ है कि पाकिस्तान की बेजा हरकतों और आतंकवादियों को शह देने की प्रवृत्ति ने ही भारत के सामने आखिरी विकल्प के रूप में आतंकियों को ठोस जवाब देने की स्थिति पैदा कर दी। पहलगाम में आतंकी हमला धीरज रखने की अंतिम हद थी, जिसके बाद भारत ने वही किया, जो इसके लिए उचित था। अब सीमा पार आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान वैश्विक समुदाय के सामने जिस तरह अपनी व्यथा को पेश करने की कोशिश कर रहा है, उसमें आमतौर पर किसी देश ने कोई रुचि नहीं दिखाई है।इसके कारण भी साफ हैं। दरअसल, ज्यादातर देश जानते हैं कि दुनिया भर में आतंकवाद ने एक जटिल समस्या के रूप में जड़ पकड़ी और अलग-अलग देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है, तो उसमें पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। आतंकियों को पलने-बढ़ने और प्रशिक्षण हासिल करने के आसान ठिकाने मुहैया करा कर पाकिस्तान ने क्या साबित करने की कोशिश की है? आखिर किन वजहों से कुछ आतंकवादी संगठनों को अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए पाकिस्तान एक सुरक्षित ठिकाना लगता रहा है? जाहिर है, बिना शह और संरक्षण के आतंकवादी किसी ऐसी जगह को अपने लिए सुरक्षित नहीं मान सकते। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब भी आतंक का पोषण करने के मसले पर पाकिस्तान पर सवाल उठे, तब उसने हर बार इस आरोप से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की। मगर भारत ने दुनिया के तमाम प्रभावशाली देशों के सामने आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान के बारे में स्पष्ट तथ्य रखे।यह बेवजह नहीं है कि पाकिस्तान अब भारत का जवाब झेलते हुए एक मुश्किल स्थिति से गुजर रहा है तो दुनिया के देश यह समझ रहे हैं कि इस स्थिति के लिए खुद पाकिस्तान का रुख जिम्मेदार है। इसी कारण अपनी सीमा में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले को आधार बना कर वह वैश्विक समुदाय को अपना पक्ष बताने की कोशिश कर रहा है।

**पाकिस्तान के जन्म के साथ ही वहां के राष्ट्रीय दलों एवं नेताओं ने भारत विरोध को अपनी अधिकारिक नीति बना लिया था। पाकिस्तान के आर्थिक विकास पर ध्यान नहीं देते हुए, किसी भी प्रकार भारत के हितों को क्षति पहुंचाई जाए, इस बात पर अधिक ध्यान दिया गया। भारत को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से पाकिस्तान द्वारा कई आतंकवादी संगठन खड़े किए जाते रहे एवं इन संगठनों के आतंकवादी सदस्यों को भारत भेजा जाता रहा। भारत, हालांकि पाकिस्तान द्वारा भारत में भेजे गए इन आतंकवादीयों को मौत के घाट उतारने में लगातार सफल होता रहा, परंतु, कुछ अवसरों पर इन आतंकवादीयों को भी भारत में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने में सफलता हासिल होती रही। वैश्विक मंचों पर भी पाकिस्तान भारत पर निराधार आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने के लगातार प्रयास करता रहा है।**

# पाकिस्तान को अपने नागरिकों के हित में अपनी भारत विरोधी नीति को छोड़ना ही होगा

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में केंद्र सरकार का वित्तीय बजट प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहता है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय बजट केवल 5.65 लाख करोड़ भारतीय रुपए (पाकिस्तानी रुपए में 18.9 लाख करोड़ रुपए) का ही रहता है।

पाकिस्तान के जन्म के साथ ही वहां के राष्ट्रीय दलों एवं नेताओं ने भारत विरोध को अपनी अधिकारिक नीति बना लिया था। पाकिस्तान के आर्थिक विकास पर ध्यान नहीं देते हुए, किसी भी प्रकार भारत के हितों को क्षति पहुंचाई जाए, इस बात पर अधिक ध्यान दिया गया। भारत को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से पाकिस्तान द्वारा कई आतंकवादी संगठन खड़े किए जाते रहे एवं इन संगठनों के आतंकवादी सदस्यों को भारत भेजा जाता रहा। भारत, हालांकि पाकिस्तान द्वारा भारत में भेजे गए इन आतंकवादीयों को मौत के घाट उतारने में लगातार सफल होता रहा, परंतु, कुछ अवसरों पर इन आतंकवादीयों को भी भारत में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने में सफलता हासिल होती रही। वैश्विक मंचों पर भी पाकिस्तान भारत पर निराधार आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने के लगातार प्रयास करता रहा है। भारत के इस अंधे विरोध के चलते पाकिस्तान की आर्थिक प्रगति पूर्णतः बाधित हुई है। भारत और पाकिस्तान वर्ष 1947 में एक साथ राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते हुए आगे बढ़े थे। परंतु, आज पूरे विश्व में भारत एक महाशक्ति बन गया है जबकि पाकिस्तान लगातार केवल आतंकवादी संगठनों की स्थापना करते हुए आज विश्व में आतंकवादी पैदा करने की सबसे बड़ी फैक्टरी बन गया है तथा आर्थिक प्रगति के मामले में तो एकदम पिछड़ गया है।

आज भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है और भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जबकि पाकिस्तान का सकल घरेलू उत्पाद केवल 37,900 करोड़ रुपए का ही है। भारत में प्रति व्यक्ति आय 11,110 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जबकि पाकिस्तान में प्रति व्यक्ति आय 6,720 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है, अर्थात भारत की तुलना में लगभग आधी, जबकि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है तो वहीं पाकिस्तान की जनसंख्या केवल लगभग 25 करोड़ ही है। इसी प्रकार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है, जो कि संभवतः इस वर्ष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर को भी पार कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार केवल 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही है। पाकिस्तान पूरे विश्व में विभिन्न वित्तीय संस्थानों एवं देशों से सबसे अधिक बार ऋण लाने वाले एवं आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले देशों की सूची में प्रथम स्थान पर काबिज है। अभी भी, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मोनेटरी फंड से 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लेने का प्रयास कर रहा है। जबकि भारत अन्य देशों को ऋण प्रदान करने की स्थिति में पहुंच गया है।



वित्तीय वर्ष 2022 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2023 में 7.6 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 9.2 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत की रही है। इसके विपरीत पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2022 में 6.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2023 में ऋणात्मक 0.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 2.5 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है। जबकि, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद के आकार का 11 गुणा से भी अधिक है। भारत के बड़े आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी अधिक है और पाकिस्तान के छोटे आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी कम है। इससे तो भविष्य में पाकिस्तान, भारत की तुलना में और अधिक पिछड़ता जाएगा। भारत में केंद्र सरकार का वित्तीय बजट प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहता है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय बजट केवल 5.65 लाख करोड़ भारतीय रुपए (पाकिस्तानी रुपए में 18.9 लाख करोड़ रुपए) का ही रहता है। भारत का वार्षिक वित्तीय बजट पाकिस्तान के वार्षिक वित्तीय बजट से लगभग 10 गुणा है। पाकिस्तान के वार्षिक बजट के आकार से अधिक आकार का बजट तो भारत में अकेले उत्तर प्रदेश राज्य का ही है। भारत में केंद्र सरकार के उपक्रम एवं अन्य उपक्रम केंद्र सरकार को लाखों करोड़ रुपए की राशि डिवीडेंड के रूप में उपलब्ध करा रहे हैं। इस वर्ष, अकेले भारतीय रिजर्व बैंक ही 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराने जा रहा है। अकेले वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण ही लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में अप्रेल 2025 माह में 2.37 लाख करोड़ रुपए का वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण हुआ है।

रक्षा के क्षेत्र में भी भारत आज पूरे विश्व में एक सक्षम एवं अनुशासित महाशक्ति बन चुका है। अतः पाकिस्तान को भारत से लड़ाई करने का विचार ही अपने मन से निकाल देना चाहिए, इसी में पाकिस्तान के आम नागरिकों की भी भलाई है। कुछ समाचारों के अनुसार, दिनांक 8 मई 2025 की रात्रि में पाकिस्तान ने लगभग 200 मिसाईल एवं ड्रोन भारत के विभिन्न शहरों पर दागे थे, परंतु इनमें से शायद एक भी ड्रोन पाकिस्तान द्वारा तय किए गए अपने ठिकाने पर नहीं पहुंच सका और भारतीय सेना ने इन मिसाइल एवं ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। जबकि, भारत ने जितने भी मिसाईल एवं ड्रोन पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के अड्डों पर दागे, इन लगभग सभी ने ही अपने निशाने पर सटीक रूप से पहुंच कर उन ठिकानों को तबाह किया है। अतः पाकिस्तान के नागरिकों को भी अब इस बात पर विचार करना चाहिए कि पड़ौसियों के साथ मित्रवत होकर रहने में ही दोनों देशों की भलाई है। पाकिस्तान यदि भारत से युद्ध करेगा तो उसे निश्चित ही मुंह की खानी पड़ेगी, जैसा कि अभी की परिस्थितियों की बीच होता हुआ दिखाई भी दे रहा है।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने पाकिस्तान को भारत के साथ युद्ध से बचने की सलाह दी है क्योंकि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहिले से ही जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है एवं पाकिस्तान पर आज कर्ज का भारी भरकम बोझ इतना अधिक है कि भारत के साथ युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान एक हफ्ता भर भी भारत के सामने युद्ध में नहीं टिक पाएगा। वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर 2024 माह तक पाकिस्तान पर 13,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बाहरी संस्थानों एवं अन्य देशों का ऋण है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान सरकार को अपने बजट में रक्षा खर्च को 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए के स्तर पर लाना पड़ा है। यह निश्चित ही पाकिस्तानी नागरिकों के साथ अन्याय है क्योंकि अन्यथा यह भारी भरकम राशि उनके जीवन स्तर को सुधारने पर खर्च की जा सकती थी। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध के बाद भारत ने 23 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ कई निर्णय लिए हैं, जिनमें सिंधु जल संधि को निलम्बित करना, अटारी बॉर्डर को बंद करना, राजनयिक संबंधों को कम करना, पाकिस्तानी विमानों को भारतीय सीमा के ऊपर उड़ने की अनुमति रद्द करना एवं तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार समेत पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार का व्यापार निलंबित करना आदि कदम शामिल है।

**अपच बना रहता है। इस तरह शरीर में सुस्ती और ऊर्जा की कमी महसूस होती है। जाहिर है, इसका असर दैनिक कामकाज पर भी पड़ता है। इसलिए सलाह दी जाती है कि इस मौसम में हल्का-फुल्का भोजन लें, तरल पदार्थों का सेवन अधिक करें। पर जठराग्नि मंद पड़ने का संबंध केवल खानपान से नहीं होता। एक बार पाचनतंत्र कमजोर होना शुरू होता है, तो उसका दीर्घकालिक प्रभाव बना रहता है। मौसम बदलने के बाद भी वह सुचारु रूप से काम नहीं कर पाता।**

# तपती गर्मी में पाचन की सुस्ती

विजय गर्ग

गर्मी बढ़ती है, तो अक्सर लोगों में जठराग्नि के मंद पड़ जाने की शिकायत देखी जाती है। जठराग्नि मंद पड़ने का अर्थ है कि भोजन ठीक से नहीं पच पाता। अपच बना रहता है। इस तरह शरीर में सुस्ती और ऊर्जा की कमी महसूस होती है। जाहिर है, इसका असर दैनिक कामकाज पर भी पड़ता है। इसलिए सलाह दी जाती है कि इस मौसम में हल्का-फुल्का भोजन लें, तरल पदार्थों का सेवन अधिक करें। पर जठराग्नि मंद पड़ने का संबंध केवल खानपान से नहीं होता। एक बार पाचनतंत्र कमजोर होना शुरू होता है, तो उसका दीर्घकालिक प्रभाव बना रहता है। मौसम बदलने के बाद भी वह सुचारु रूप से काम नहीं कर पाता। ऐसे में खानपान संबंधी एहतियात बरतने के साथ-साथ कुछ व्यायाम भी अवश्य करने चाहिए ।



## अग्निसार व्यायाम

जठराग्नि यानी जठर की अग्नि । वह अग्नि, जो भोजन पचाने के लिए आवश्यक है। अगर वही अग्नि पेट में मंद पड़ जाए, तो भोजन ठीक से पच नहीं पाता, सड़ता रहता है। उससे विषाक्त रसायन पैदा होते हैं, एसिडिटी की समस्या गहरी होती जाती है और अनेक रोगों को जन्म देती है। जठराग्नि को प्रबल करने में अग्निसार व्यायाम बहुत कारगर साबित होता है । सुबह खाली पेट वज्रासन में बैठ जाएं। दोनों पैरों को मोड़ कर पीछे कर लें। हथोलियों को घुटनों पर रखें और हल्का दबाव बनाएं। पेट को ढीला रखें। सांस को रोक लें। पेट को हिलाएं। जितनी देर सांस रोक कर पेट को हिला सकते हैं, उतनी देर हिलाएं। यह क्रिया पांच से सात बार करें । इस तरह जठराग्नि बढ़ जाती है। भूख लगने लगती है और भोजन पचना शुरू हो जाता है।

## हल्का और सुपाच्य भोजन

गर्मी के मौसम में जठराग्नि स्वाभाविक रूप से सुस्त पड़ जाती है। इसलिए तला हुआ, ज्यादा मिर्च- मसाले वाला भोजन पचाने में दिक्कत आती है। इसलिए ऐसे व्यंजनों से परहेज करना ही बेहतर रहता है । हमेशा ऐसे व्यंजन चुनें, जिन्हें पचाना आसान हो, उन्हें खाने से ऊर्जा भी भरपूर मिले। अंकुरित दालों और अनाज को भाप में पका कर खाना ज्यादा अच्छा रहता है। दलिया, खिचड़ी, उबली हुई सब्जियां, इडली आदि जैसे भाप में पके भोजन इस मौसम में ज्यादा सुपाच्य और ऊर्जा से भरपूर हो सकते हैं। तरल पदार्थ लें तेज गर्मी और गर्म हवा के कारण शरीर का पानी तेजी से सूखता है।

शरीर में पानी, नमक और चीनी की मात्रा संतुलित होना बहुत जरूरी है। इसलिए इस मौसम में तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा उचित होता है। फलों का रस, तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा इसमें ज्यादा सहायक होते हैं। इसके अलावा, छाछ, सत्तू की लस्सी, दलिया - छाछ, सौंफ का शर्बत शरीर को निर्जलीकरण से बचाते और ऊर्जा से भरपूर रखते हैं। जब भी बाहर निकलें और देर तक घर से बाहर रहना हो, तो झोले में पानी की बोतल अवश्य रखें। अगर हो सके, तो पानी में काट कर खीरे के कुछ टुकड़े, पुदीने की कुछ पत्तियां और चुटकी भर नमक अवश्य डाल लें। इससे शरीर को बहुत राहत मिलती है और पाचनतंत्र भी मंद पड़ने से बचता है। (सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब)

## वर्ग पहेली 5729

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | 14 | ■ | | ■ | 15 | | |
| 16 | | | | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | | | 18 | 19 |
| 20 | | | | ■ | 21 | | |
| | ■ | ■ | 22 | | | ■ | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. संसार की सबसे अधिक सड़के इस देश में है(3)
4. भारत की इस नदी को वृद्धगंगा भी कहा गया है (4)
7. राजपत्र को यह भी कहते है (3)
8. वह जो दूसरों को कुछ न कुछ देते रहता हो (3)
9. कुछ समय के लिए रोकने का भाववा निलंबन, रूकाव (2)
11. इस कृति के लिए महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था (2)
13. छंद गति, संगीत तर्ज, नीर और क्षीर मिश्रण (2)
15. आतंकानुभाती, मनोघात, फोबिया, भयानुभूति (3)
16. सुंदर स्त्री, पूर्व प्रसारित टीवी धारावाहिक महाभारत में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री (4)
17. घात स्थान या संधि गुप्त को यह भी कहा जाता है (5)
20. पशु, मवेशी (4)
21. ज्वेल बीयरिंग, हीरा (3)
22. नासमझ, अनुभवहीन, भोला (3)

ऊपर से नीचे
1. तकदीर या किस्मत के सितारे चमकना, भाग्योदय होना (5)
2. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
3. दलबंदी से दूर रहने वाला, उदासीन (3)
4. यह मुंशी प्रेमचंद का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण उपन्यास माना जाता है (3)
5. देने वाला, दायक (2)
6. विवाह हेतु वर का वधू के यहां संबंधी रिश्तेदारों को यहां जाना (4)
10. घोरे ध्वनि करना, तेज आवाज करना (6)
12. माह, तीस दिनों का समय, महीना (2)
14. यज्ञपति, भृतिभर्ता (4)
15. निसंतान, बेओलाद, वंशहीन (5)
18. मांद, गड्डा, गुहा (2)
19. रूक-रूककर बोलने वाला और अस्पष्ट उच्चारण करने वाला (3)
20. हरियाणा की प्रसिद्ध जाति (2)

### वर्ग पहेली 5728 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त | र | प्र | दे | श | ■ | गो |
| मा | ■ | ज | ति | न | ■ | स | दा |
| भा | र | त | ■ | दा | ■ | त | व |
| र | ज | ■ | गौ | र | स | ■ | री |
| ती | त | र | ■ | ■ | र्व | ■ | ■ |
| ■ | प | व | न | पु | त्र | ■ | स |
| अ | ट | क | ल | ■ | ■ | ता | ज |
| ज | ■ | ना | क | र | ग | ड़ | ना |

# एआई जैसा सलाहकार

( रमेश तिवारी )

क्या आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जो पैसों से जुड़े अपने फैसले नहीं ले पाते। कहीं से पता चल भी जाए कि पैसा कहां लगाएं, लेकिन भरोसा नहीं कर पाते। प्रॉडक्ट कितना भी भरोसेमंद हो, आपको तलाश होती है एक चेहरे की। किसी गारंटी देने वाले शख्स की, जो ये कहे कि कुछ गलत होगा तो मैं खड़ा हूं। फिर प्रॉडक्ट असल में भले ही खराब हो। आपकी तलाश शुरू होती है अपने करीबियों के बीच। दफ्तर में सहकर्मी, घर पर रिश्तेदार इनमें कोई है जो रुपये-पैसे की बातें ज्यादा जानता है। या फिर उस प्रॉड्क्ट को बेचने वाला, भले ही उसे कमिशन मिलता हो। तब तक दिक्कत महसूस नहीं होती, जब कमिशन खुद की जेब से न देना हो। इंश्योरेंस और म्यूचुअल फंड बेचने वाला ही एक्सपर्ट बन जाता है। उसकी सलाह अंतिम सत्य लगने लगती है। लेकिन कई बार पहचान तभी हो पाती है, जब नुकसान हो चुका होता है। बाजार में स्वतंत्र निष्पक्ष सलाहकार का भी इंतजाम किया गया है, लेकिन उसकी सेवाएं लेने के लिए अपनी जेब से रकम खर्च करने की जरूरत होती है। बस, वहीं हाथ जोड़ लेने की नौबत आ जाती है। अब एक सलाहकार मार्केट में चल पड़ा है, जो न सिर्फ निष्पक्ष जान पड़ता है, बल्कि मुफ्त भी है। यह सलाहकार है एआई यानी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस। आम लोग चैट जीपीटी, ग्रोक और मेटा के एआई टूल से वित्तीय सलाह ले रहे हैं। इनके मंचों पर पूछे गए सवालों के अक्सर प्रोफेशनल जवाब भी मिलते हैं। डीप रिसर्च का भी ऑप्शन है, जिसमें अकैडमिक सोर्स के जवाब शामिल होते हैं। दिलचस्प है कि पूछे गए सवालों पर हर बार ये चेतावनी भी दी जाती है कि अंतिम फैसला लेने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार की राय लें।

मिसाल के तौर पर एक एआई आधारित ऐप बता सकता है कि 20 साल बाद रिटायर होने पर आपको कितनी रकम की जरूरत हो सकती है। इस रकम को हासिल करने के लिए कितनी रकम निवेश करने की जरूरत है। आप कहां निवेश कर इसके लिए जरूरी रिटर्न हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं। इसी जानकारी के लिए लोग मोटी फीस चुकाते रहे हैं। एआई टूल्स बिना फीस, बिना पूर्वाग्रह 24 घंटे उपलब्ध होते हैं। उसकी दी गई जानकारी की तस्दीक करने के लिए साथ में वेबलिंक भी मिल जाता है। प्रोफेशनल सर्विसेज फर्म डेलॉयट के मुताबिक, 2027 तक रिटेल निवेशकों के लिए एआई टूल्स वित्तीय सलाह का प्राइमरी सोर्स बन जाएंगे।

अब इसमें समस्याएं भी हैं। जैसा कि पर्सनल फाइनैंस के मुद्दे बेहद पर्सनल ही होते हैं। आप कितना रिस्क ले सकते हैं, आप कितना इंतजार कर सकते हैं, ये आप ही तय कर सकते हैं। ये टूल्स डेटा और एल्गोरिदम पर निर्भर करते हैं। अगर डेटा गलत हो या एल्गोरिदम पक्षपाती, तो सलाह भी गलत हो सकती है। हालांकि भूल तो वित्तीय सलाहकार भी कर सकता है। एक चिंता ये जताई जाती है कि एआई टूल्स को व्यक्तिगत वित्तीय जानकारी देना जोखिम भरा हो सकता है। वैसे लोग प्रोफेशनल्स को भी अपनी पूरी बात नहीं बताते। हालांकि चलते-फिरते किसी से भी सलाह लेने से यही अच्छा होगा कि एआई से सवाल कर लिया जाए।

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपका भाग्य साथ देगा। कोई पुराना रुका हुआ प्रॉजेक्ट गति पकड़ेगा। मंगल की स्थिति थोड़ी तनावपूर्ण है, इसलिए ऑफिस में किसी के साथ टकराव से बचें, वरना इसका असर आपकी छवि पर पड़ सकता है। व्यापारी वर्ग को उधारी वसूली में मुश्किल हो सकती है।

### वृष
आज लाभ का दिन है और आपकी योजनाएं सफल होंगी। राजनीति, प्रशासन या कानून से जुड़े जातकों को कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। निवेश और नई डील के लिए शुभ दिन है। बिजनस में पुराने पार्टनर के साथ पुनः कार्य आरंभ हो सकते हैं।

### तुला
आज भाग्य साथ दे रहा है। वित्तीय मामलों में लंबे समय से चला आ रहा कोई अटका मसला हल हो सकता है, जिससे बड़ी राहत मिलेगी। व्यापार में अचानक धन प्राप्ति या बड़े ऑर्डर मिलने के योग हैं। बैंक या लोन से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला रहेगा। स्वास्थ्य से संबंधित खर्च बढ़ सकते हैं, जिससे बजट पर असर पड़ेगा। मानसिक तनाव रहेगा, जिससे निर्णय क्षमता प्रभावित हो सकती है। फाइनेंस, हेल्थ और केमिकल इंडस्ट्री से जुड़े जातकों को धन लाभ हो सकता है।

### मिथुन
आज कार्यक्षेत्र में थोड़ा संभलकर काम करने की सलाह है। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आप दस्तावेजों को ठीक से पढ़कर ही साइन करें। शिक्षा और कंसल्टिंग से जुड़े जातकों को विदेश से अवसर मिल सकता है।

### कर्क
आज करियर के मामले में दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। प्रॉपर्टी डील, कमीशन आधारित कार्य और साझेदारी से अच्छा लाभ मिल सकता है। करियर में पदोन्नति या उच्च अधिकारी से प्रशंसा के योग हैं। आय के एक से अधिक स्रोत सक्रिय होंगे।

### धनु
आज दिन शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को सीनियर्स से प्रशंसा मिलेगी और प्रमोशन के संकेत भी बन रहे हैं। कारोबारी वर्ग को किसी बड़े निवेशक से समर्थन मिल सकता है। आय के नए स्रोत खुलेंगे। विशेष रूप से ऑनलाइन, मीडिया, टेक्नोलॉजी या एजुकेशन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अनुकूल है।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ से भरा दिन होगा। आपके प्रयास सफल होंगे और ऑफिस में सम्मान मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है जो आपके करियर ग्रोथ का द्वार खोलेगी। व्यापारी वर्ग के लिए नए ग्राहक और कॉर्पोरेट क्लाइंट्स से फायदा होगा।

### सिंह
आज भाग्य का साथ मिलेगा। नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई नया ऑफर आ सकता है। व्यापारी वर्ग को सरकारी टेंडर या बड़ी एजेंसी से जुड़ने का अवसर मिल सकता है। आय के साथ-साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट बनाकर चलें।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है। व्यापार में अचानक लाभ हो सकता है। पुराने क्लाइंट्स का पैसा वापस मिलेगा। सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने वालों को सकारात्मक समाचार मिल सकता है।

### कुंभ
आज दिन व्यवसायिक निर्णयों में असमंजस से भरा होगा। कोई गलत कदम आर्थिक नुकसान दे सकता है। ऑफिस में किसी के बहकावे में आकर निर्णय न लें। कोई अप्रत्याशित यात्रा हो सकती है जिससे कामकाज प्रभावित हो सकता है। वाहन, मशीनरी या तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को दिन में संयम रखना होगा।

### मीन
आज लाभ होगा। करियर में स्थिरता आएगी और आप परिवार के साथ आर्थिक निर्णयों पर चर्चा कर सकते हैं। किसी बड़े कॉर्पोरेट डील की बात पक्की हो सकती है। धार्मिक यात्राएं मन को शांत करेंगी लेकिन थोड़े खर्च के साथ आएंगी। शेयर बाजार या स्पेकुलेशन में धन गंवाने की संभावना है।

# ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो रूट के पहले चरण में बनेंगे 14 स्टेशन, इन जगहों पर मांगी गई जमीन




गुरुग्राम, एजेंसी। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो रूट के पहले चरण में 14 स्टेशन बनाए जाएंगे। गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) को नए मेट्रो स्टेशनों के निर्माण के लिए जमीन की जरूरत है। इसको लेकर जीएमआरएल ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) से जमीन देने का आग्रह किया है।

जीएमआरएल ने पहले चरण में 14 मेट्रो स्टेशन निर्माण की योजना बनाई है। इसके तहत 1286 करोड़ रुपये का टेंडर आमंत्रित किया जा चुका है। इसे 15 मई को खोला जाएगा। जीएमआरएल ने सभी मेट्रो स्टेशन ग्रीन एरिया या डिवाइडर में तैयार करने की योजना बनाई है। 10 मेट्रो स्टेशन के निर्माण के एंट्री और एग्जिट गेट के लिए करीब 5805 वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता है। जीएमआरएल की ओर से इसके लिए एचएसवीपी से जमीन को देने का आग्रह किया गया है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत स्टेशन का निर्माण आधे से एक एकड़ जमीन में किया जाएगा। मेट्रो स्टेशन की अधिकांश जमीन का कब्जा जीएमआरएल के पास है। बता दें कि जीएमआरएल के पास साइबर पार्क, सेक्टर-47, सेक्टर-48, सेक्टर-72ए मेट्रो स्टेशन के लिए जमीन उपलब्ध है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत कास्टिंग यार्ड सेक्टर-34 में तैयार किया जाएगा। इसको लेकर जीएमआरएल ने एचएसवीपी से करीब 10 हेक्टेयर जमीन मांगी थी। इसमें पांच हेक्टेयर जमीन मिल गई है।

### इन स्थानों पर भूमि की आवश्यकता

मिलेनियम सिटी सेंटर पर नए मेट्रो स्टेशन के लिए 574 वर्ग मीटर, सेक्टर-45 के लिए 889 वर्ग मीटर, सुभाष चौक स्टेशन के लिए 518, सेक्टर-33 स्टेशन के लिए 370, उद्योग विहार फेज-छह स्टेशन के लिए 628, सेक्टर-10 स्टेशन के लिए 720, सेक्टर-37 स्टेशन के लिए 323, गांव बसई स्टेशन के लिए 1133, सेक्टर-नौ स्टेशन के लिए 279, सेक्टर-101 स्टेशन के लिए 371 वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता है। सेक्टर-37 और बसई में पिलर और कॉलम के लिए जमीन की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नया भारत आतंकवादियों को खोजकर खत्म कर देगा

■ चाहे वे कहीं भी छिपे हों असम के मुख्यमंत्री

गुवाहटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दिखा दिया है कि 'नया भारत' आतंकवादियों को खोजकर उन्हें मार गिराएगा। शर्मा ने ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों का सफाया करने तथा पाकिस्तान में महत्वपूर्ण सैन्य एवं आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वह दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता को परिपक्वता से नेतृत्व दे रहे हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भारत की वैश्विक ताकत के रूप में उभरती भूमिका के बारे में जनता को जागरूक करें। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ देर पहले हमारे डीजीएमओ द्वारा दी गई शानदार जानकारी को सुनने के बाद हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारी वीर सेना के असाधारण नेतृत्व के प्रति आभारी हैं। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकवादियों को खत्म किया है और दुश्मन के महत्वपूर्ण सैन्य और आतंकी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। यह अब निर्विवाद सबूतों के साथ सामने है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह एक मजबूत संदेश है कि नया भारत आतंकवादियों को जमीन, हवा या समुद्रकहीं भी छिपे हों, ढूंढ़कर खत्म करेगा।



### दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए 'नयी दिशा' पहल शुरू की

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्याकम करने और स्कूल न जाने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली में वापस लाने के मकसद से 'नयी दिशा - ए पथ बैक टू लर्निंग' पहल शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत पुलिस कर्मी उन बच्चों के घर जा रहे हैं जो स्कूल छोड़ चुके हैं। पुलिस कर्मी उनके घर जाकर बच्चों एवं उनके परिवार से सीधे संपर्क कर रहे हैं ताकि स्कूल छोड़ने के कारणों का पता लगाया जा सके और उन्हें फिर से अपनी शिक्षा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दिल्ली पुलिस की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का दूसरा अवसर दिया जाए। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (पूर्व) अभिषेक धानिया ने कहा, ''यह सिर्फ कानून प्रवर्तन से कहीं अधिक है। यह मार्गदर्शन और विश्वास निर्माण के बारे में है।'' पुलिस अधिकारी स्थानीय स्कूलों, गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय कर विभिन्न प्रकार की सहायता सेवाएं प्रदान कर रहे हैं - जिनमें प्रवेश की सुविधा से लेकर भावनात्मक परामर्श और शैक्षणिक सहायता प्रदान करना शामिल है। डीसीपी ने बताया कि आर्थिक तंगी, घरेलू मुद्दों या व्यक्तिगत असफलताओं के कारण स्कूल छोड़ चुके कई छात्र अब कक्षाओं में वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा, ''हम सिर्फ दरवाजे नहीं खटखटा रहे हैं, बल्कि उन्हें खोल भी रहे हैं।'' इस पहल की सफलता को देखते हुए दिल्ली पुलिस इसे अन्य जिलों में भी विस्तारित करने की योजना बना रही है।

### महाराष्ट्र के ठाणे में मादक द्रव्य रखने का आरोपी गिरफ्तार

ठाणे, एजेंसी। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में कोडीन पाउडर (नशीला पदार्थ) रखने के आरोप में राजस्थान के 48 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से जब्त प्रतिबंधित सामग्री की बाजार में कीमत दो करोड़ रुपये है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर, मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ के एक दल ने नौ मई को ठाणे रेलवे स्टेशन के पास एक होटल पर छापा मारा और आरोपी सुरेश परमार को गिरफ्तार कर लिया जो दवाइयों की बिक्री करने वाले चिकित्सा प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि टीम को परमार के पास से एक किलोग्राम से अधिक कोडीन पाउडर मिला जो जोधपुर से कूरियर सेवा के माध्यम से उसके पास पहुंचा था।

# पाकिस्तान कश्मीर का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने में कामयाब रहा: मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला




नई दिल्ली, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था और पर्यटन को झटका दिया है, बल्कि पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से उठाने का मौका भी दे दिया है। उन्होंने कहा कि इस हमले ने कई सालों की मेहनत को बर्बाद कर दिया है, जिसके तहत कश्मीर में पर्यटन और शांति बहाली की कोशिशें की जा रही थीं।

एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले ने राज्य की अर्थव्यवस्था और कूटनीति के क्षेत्र में वर्षों की मेहनत को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमला ऐसे समय में हुआ जब कश्मीर के पर्यटन उद्योग ने वर्षों बाद रफ्तार पकड़ी थी, लेकिन अब सब कुछ फिर से ठहर गया है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां हम कभी नहीं सोचे थे कि फिर लौटेंगे। यहां फिर से खूनखराबा है, पीड़ा है, उथल-पुथल है... सब कुछ बदल गया है, लेकिन कुछ भी नहीं बदला है। जब उनसे पूछा गया कि इस बदलाव का असर जमीन पर कैसे दिखता है, तो उन्होंने कहा, इस समय घाटी को पर्यटकों से भरा होना चाहिए था। अर्थव्यवस्था को फल-फूलना चाहिए था, बच्चे स्कूलों में होते, एयरपोर्ट पर हर दिन 50-60 फ्लाइट्स उतरतीं। लेकिन अब घाटी खाली पड़ी है, स्कूल बंद हैं, हवाई अड्डा और एयरस्पेस दोनों बंद हैं।

### कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने की कोशिश

मुख्यमंत्री ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ने एक बार फिर जानबूझकर कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, जब मैं कहता हूं कि कुछ भी नहीं बदला है - तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान ने, दुर्भाग्य से फिर से जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने कहा, अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका में खुद को शामिल करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो संघर्षविराम अब तक किसी तरह से बना हुआ था, वह अब टूट चुका है। अब हम यह देखने को मजबूर हैं कि आज रात क्या होता है। उमर अब्दुल्ला ने याद करते हुए कहा कि तीन हफ्ते पहले तक पहलगाम का इलाका पर्यटकों से भरा हुआ था। वहां रौनक थी, जिंदगी थी। लेकिन फिर वह भयावह नरसंहार हो गया।

### बैसारन में धार्मिक पहचान के आधार पर 26 लोगों की हत्या

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने कश्मीर के सुंदर बैसारन मैदान में हमला कर दिया। इस हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आतंकियों ने पहले धार्मिक पहचान की पुष्टि की और फिर गोलियां चलाईं। मारे गए लोगों में 25 पर्यटक थे और एक स्थानीय व्यक्ति - एक टट्टूवाला, जो पर्यटकों की जान बचाने की कोशिश कर रहा था।

### ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने किया करारा जवाब

हमले के कुछदिन बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित 9 आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर तबाह किया गया। इसके अगले दिन पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल हमले किए और सीमावर्ती इलाकों में तोपों से गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के एयरबेस, कमांड सेंटर, सैन्य ढांचे और एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया। इसके बाद चौथे दिन पाकिस्तान ने अपने कदम पीछे खींच लिए और हालात में अस्थायी शांति आई।

## छत्तीसगढ़ के रायपुर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत, 12 घायल

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के रायपुर में रविवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। रायपुर-बलोदाबाजार रोड पर सारागांव के पास लोगों से भरे ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 12 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में सभी सभी महिलाएं और बच्चे हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रायपुर के एसपी लाल उम्मेद सिंह ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चटौद गांव से कुछ लोग छठी कार्यक्रम में शामिल होने बाना बनारसी गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद वो वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रायपुर-बलौदाबाजार रोड के पास यह हादसा हो गया। इस घटना में कुल 13 लोगों की मौत हो गई है।

12 अन्य लोग घायल हो गए हैं। सभी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। एसपी ने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग एक छोटे ट्रक में सवार होकर वापस लौट रहे थे। घायलों का रायपुर के डॉ. बी.आर. अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल में इलाज चल रहा है। रायपुर के कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने बताया कि रात 12 बजे के आसपास हमें हादसे की सूचना मिली थी। तत्काल प्रशासन की टीम सक्रिय हुई और घायलों को पास ही के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। 13 लोगों की मौत गया है। 11 से 12 लोग घायल हुए हैं, यदि उन्हें कोई आवश्यकता होगी तो तत्काल सहायता की जाएगी।

### मृतकों में 9 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल

न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, सड़क हादसे में मरने वालों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चटौद गांव का एक परिवार पारिवारिक समारोह में शामिल होने बंसरी गांव गया था। लौटते समय खरोरा थाना क्षेत्र के सारागांव के पास ट्रक और ट्रेलर की टक्कर हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर भेजी गई और घायलों को रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। रायपुर के जिला कलेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में कभी नक्सलवाद के चलते बंद हुए थे स्कूल, अब बह रही शिक्षा की बयार

बीजापुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में गले की फांस बन चुका नक्सलवाद अपने अंत की ओर है। केंद्र सरकार 2026 के मार्च अंत तक नक्सलवाद के खात्मे का टार्गेट लेकर चल रही है। इससे बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है या तो उन्हें मार गिराया गया है। छत्तीसगढ़ का बीजापुर भी एक वक्त पर नक्सलवाद से जूझ रहा था। नक्सलियों के आतंक के चलते यहां के स्कूल तक बंद हो गए थे। अब केंद्र और राज्य सरकार की पहल के बाद यहां बीते 4-5 सालों से स्कूली शिक्षा बेहतर हुई है और बड़ी मात्रा में स्कूल फिर शुरू हुए हैं।



### आइए नजर डालते हैं इस विशेष रिपोर्ट पर

बीजापुर जिले में जहां कभी नक्सली आतंक के कारण स्कूल बंद हो गए थे, अब युवा छात्रों से भरे शैक्षणिक संस्थान फल-फूल रहे हैं। बीजापुर जिले की चौथी कक्षा के एक छात्र ने कहा, पहले यहां स्कूल नहीं था। जब स्कूल नहीं होता था तो हम काम करते थे। यहां आकर अच्छा लगता है। मैं बड़ा होकर शिक्षक बनना चाहता हूं। बीजापुर जिले के एक शिक्षक महेंद्र कुमार ने कहा कि स्कूल को शुरू हुए 4 साल हो गए हैं। 2005-2006 में, यहां के स्कूल और आश्रम नक्सलियों द्वारा नष्ट कर दिए गए थे। मेरे स्कूल में 67 बच्चे हैं। इन बच्चों को पहले कोई शिक्षा नहीं मिल रही थी। बीजापुर के कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में हमारे जिले में 250 से अधिक स्कूल फिर से खोले गए हैं, जो पहले चल रहे थे। हम बुनियादी ढांचे को बेहतर बना रहे हैं। पहले स्कूल झोपड़ियों में हुआ करते थे, लेकिन अब अधिकांश स्कूलों के लिए स्थायी भवन स्वीकृत किए गए हैं। जैसे-जैसे गांवों के अंदर स्कूल खुल रहे हैं, हम शेष कुछ बच्चों को भी आवासीय सुविधाओं, जैसे छात्रावासों में रहकर अपने घरों से अपने गांवों के स्कूलों में पढ़ने के लिए लाने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे-जैसे सुरक्षा शिविर खुल रहे हैं, क्षेत्र की पहुंच बढ़ रही है और कई तरह से शिक्षा तक पहुंच भी बढ़ रही है। हम हर घर में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। पहचान के बाद, हम पता लगाएंगे कि क्यों और अधिक से अधिक बच्चों को वापस स्कूल लाने की कोशिश करेंगे। एपीसी मोहम्मद जाकिर खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंचे। इन प्रयासों के तहत, 50 स्कूल फिर से खोले गए हैं और लगभग 8,000 बच्चे शिक्षा से फिर से जुड़ गए हैं। जिला प्रशासन छात्रों को किताबें और मध्याह्न भोजन जैसी सुविधाएँ प्रदान कर रहा है। ग्रामीणों ने भी स्कूल खोलने में सहयोग करना शुरू कर दिया है। नक्सली हिंसा के दौरान कई स्कूल तोड़ दिए गए थेलेकिन इन्हें तभी फिर से बनाया जा सका जब ग्रामीणों ने मदद की।

## ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा खुलासा- कराची पर हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार थी भारतीय नौसेना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों से चल रहे तनाव में अब कुछ कमी आ गई है। दोनों देशों के बीच टेंशन तब बढ़ गई थी, जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ हमले किए थे। इस दौरान, दोनों देश कई बार आमने-सामने आ गए। रविवार को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए भारतीय नौसेना ने खुलासा किया कि इस दौरान इंडियन नेवी भी पूरी तरह से तैयार थी और कराची सहित समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने में पूरी तरह सक्षम थी। ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेनाओं की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग के दौरान वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा, हमारी नौसेना बल पूरी तरह से समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता के साथ निर्णायक स्थिति में अरब सागर में आगे तैनात रहे, जिसमें कराची भी शामिल था। वाइस एडमिरल भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और भारतीय वायु सेना के अपने समकक्षों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नौसेना संचालन महानिदेशक ने कहा कि नौसेना ने आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर अरब सागर में कई हथियारों की फायरिंग के दौरान समुद्र में रणनीति और प्रक्रियाओं का परीक्षण और सुधार किया। वरिष्ठ नौसेना अधिकारी ने यह भी कहा कि




नौसेना बल की अग्रिम तैनाती ने पाकिस्तान को रक्षात्मक मुद्रा में रहने के लिए मजबूर किया, जो कि ज्यादातर बंदरगाहों के अंदर या तट के बहुत करीब थी, जिस पर भारतीय सेना लगातार नजर रखती थी। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना ने पूरे समय समुद्री क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखी और पाकिस्तानी यूनिट्स के स्थानों और आवाजाही के बारे में पूरी तरह से जागरूक थी। वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने दोहराया कि पाकिस्तानी आक्रमण के प्रति भारत की प्रतिक्रिया शुरू से ही नपी-तुली, आनुपातिक, गैर-बढ़ावा देने वाली और जिम्मेदार रही है। डीजीएनओ ने कहा कि 22 अप्रैल को 26 नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकी हमले के बाद अरब सागर में वाहक युद्ध समूह को तैनात किया गया था। वाहक युद्ध समूह एक नौसेना बेड़ा है जिसमें एक विमानवाहक पोत और उसके साथ चलने वाले जहाज शामिल होते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 7 मई की सुबह आतंकी ढांचों पर सटीक हमले किए, जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया।

### बरसात से पहले करा लें विकास परियोजनाओं का ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्य: मुख्यमंत्री

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बारिश से पहले सभी प्रमुख सरकारी निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं का ज्यादा से ज्यादा काम मुकम्मल कर लेने की हिदायत दी। राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री रविवार शाम गोरखनाथ मंदिर के सभा कक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सभी प्रमुख विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि हर परियोजना की उस विभाग स्तर पर और उसके बाद वरिष्ठ प्रशासनिक स्तर पर 15 दिन की अवधि में पर्यवेक्षण और समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर विकास परियोजना की एक समयसीमा तय होती है और उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा कि यह व्यावहारिक रूप से समझना होगा कि बरसात का मौसम शुरू होने पर खुले में होने वाला निर्माण कार्य प्रभावित होता है, इसलिए विकास की जितनी भी परियोजनाओं पर काम चल रहा है उनसे संबंधित ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्य बरसात से पहले पूरे कर लिए जाएं।

# क्या कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष को स्वीकार किया? भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर कांग्रेस का सवाल

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस पार्टी ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर की जानकारी के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। इसके लिए पीएम मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। इसके अलावा कांग्रेस ने सीजफायर के बीच में ट्रंप की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि क्या भारत ने शिमला समझौते के बाद बनी नीति को त्याग दिया है? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सीजफायर के बाद सरकार से कई सवाल पूछे। इसमें सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या नई दिल्ली ने कश्मीर के मुद्दे



पर अपनी नीति को बदल दिया है? क्या सरकार ने कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार कर लिया है? और क्या पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक चैनल खोले गए हैं? सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करके वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और फिर भारत पाकिस्तान समझौते में अमेरिकी की भूमिका पर बातचीत के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग को दोहराती है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा तटस्थ जगह की बात करना कई सवाल खड़े करता है। कांग्रेस नेता ने पूछा, क्या हमने शिमला समझौते को त्याग दिया है? क्या हमने तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए दरवाजे खोल दिए हैं? भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस यह पूछना चाहती है कि क्या भारत ने पाकिस्तान के साथ में फिर से राजनैतिक चैनल खोले हैं और अगर ऐसा है तो आखिर क्या शर्तें रखी गई हैं? कांग्रेस नेता की तरफ से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत और पाकिस्तान चार दिनों की तीखी हवाई लड़ाई के बाद सीजफायर करने को राजी हो गए हैं। दोनों पक्षों की तरफ से कहा गया कि तत्काल प्रभाव से जमीन, हवा और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई पर रोक लगाई जाती है। हालांकि, भारत या पाकिस्तान के घोषणा करने के पहले ट्रंप ने सीजफायर की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। बात यहीं नहीं रुकी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सीजफायर की बात लिखते हुए कहा कि दोनों देश किसी 'तटस्थ' जगह पर बातचीत करने के लिए राजी हो गए हैं, इस पर भी भारत में राजनीति शुरू हो गई है। क्योंकि शिमला समझौते के बाद भारत हमेशा से ही कश्मीर पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता का विरोध करता रहा है और किसी भी सरकार में भारत की यही नीति रही है।

# मेरा बर्ताव थोड़ा रूखा था... धर्मशाला में ब्लैक आउट पर पहली बार बोली प्रीति जिंटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण धर्मशाला में 'ब्लैकआउट' के चलते पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के कुछ दिनों बाद अभिनेत्री और पंजाब आईपीएल टीम की सह मालिक प्रीति जिंटा ने स्टेडियम में दर्शकों को नहीं घबराने के लिए रविवार को धन्यवाद दिया। पंजाब की टीम बृहस्पतिवार को 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब बत्ती गुल हो गई जिसे पहले फ्लडलाइट की विफलता के कारण माना गया। टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। प्रीति ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों की अफरातफरी के बाद आखिरकार घर वापस आ गई हैं। उन्होंने रविवार को प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। प्रीति ने 'एक्स' पर लिखा कि धर्मशाला स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों को - नहीं घबराने और किसी भी तरह की भगदड़ नहीं करने के लिए धन्यवाद... मुझे खेद है कि मेरा बर्ताव थोड़ा




रूखा था और मैंने सभी के साथ तस्वीरें लेने से मना कर दिया लेकिन समय की मांग सभी की सुरक्षा थी और यह सुनिश्चित करना मेरा कर्तव्य और जिम्मेदारी थी कि सभी सुरक्षित रहें। इसे संभव बनाने के लिए धन्यवाद।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम की क्षमता लगभग 23,000 दर्शकों की है और बृहस्पतिवार को स्टेडियम खाली कराए जाने के दौरान यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि मौजूदा स्थिति में टूर्नामेंट को जारी रखना उचित नहीं होगा। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को धर्मशाला से निकाला गया और कड़ी सुरक्षा के बीच होशियारपुर के रास्ते जालंधर रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया। टीमें शुक्रवार रात विशेष 'वंदे भारत एक्सप्रेस से नई दिल्ली पहुंचीं।

प्रीति ने कहा कि भारतीय रेलवे और हमारे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दोनों आईपीएल टीम और सभी अधिकारियों और परिवारों को सुरक्षित, तेज और आरामदायक तरीके से धर्मशाला छोड़ने में मदद करने के लिए हार्दिक धन्यवाद। धर्मशाला में हमारे स्टेडियम को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से खाली कराने में मदद करने के लिए जय शाह, अरुण धूमल, बीसीसीआई और हमारे सीईओ सतीश मेनन और पंजाब किंग्स की संचालन टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। सब कुछ बहुत अच्छी तरह से संभाला गया।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को कहा था कि बोर्ड के अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बनने के बाद निलंबित टी20 लीग को फिर से शुरू करने के सर्वोत्तम संभावित कार्यक्रम पर रविवार को चर्चा करेंगे।

## टेस्ट में विराट कोहली के इन रिकॉर्ड्स को तोड़ना होगा मुश्किल

भारतीय क्रिकेट टीम के धमाकेदार बल्लेबाज और सबसे सफल टेस्ट कप्तान रह चुके विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हाल ही में रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था जिसके बाद कोहली के भी टेस्ट से संन्यास की खबरें थी। बीसीसीआई कोहली को संन्यास ना लेने के लिए भी मना रहा था, लेकिन इन सब के बीच अब कोहली ने सोमवार 12 मई को सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट की जानकारी देते हुए सभी को हैरान करते हुए क्रिकेट से सबसे लम्बे प्रारूप से संन्यास ले लिया। टेस्ट में उनके रिकॉर्ड्स इस प्रकार हैं -

1. विराट कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया है जिसमें 40 जीत हासिल की जो किसी भी अन्य कप्तान से सबसे ज्यादा हैं।
2. विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाले पहले एशियाई कप्तान हैं। उन्होंने 2018-19 यह उपलब्धि अपने नाम की थी।
3. लगातार 9 टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भी कोहली के नाम है जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की।
4. कोहली ने टेस्ट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 5864 रन बनाए हैं जिसमें 20 शतक शामिल हैं।
5. विराट कोहली एकमात्र ऐसे टेस्ट कप्तान हैं इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में जीत हासिल की। वह सेना देश में टेस्ट जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान हैं। कोहली सेना देशों में सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले एशियन कप्तान भी हैं।
6. कोहली लगातार चार टेस्ट सीरीज (2016-17) में दोहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।
7. ऑस्ट्रेलिया में किसी भारतीय द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक (7) की सूची में कोहली सचिन तेंदुलकर (6) से आगे हैं।
8. किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज 8,000 टेस्ट रन (169 पारी) बनाने वाले चौथे भारतीय (ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 115 और 141, 2014)।
9. बांग्लादेश को छोड़कर उन्होंने हर उस देश में और उसके खिलाफ टेस्ट शतक बनाए हैं, जिसके लिए उन्होंने खेला है।




## टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद विराट कोहली का बयान-

# मैं अपने टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत से एक बड़ी खबर सामने आई है। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है। कोहली वनडे और आईपीएल खेलते रहेंगे। संन्यास के बाद विराट कोहली का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि 'मैं अपने टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा' मैंने क्रिकेट और टीम को अपना बेस्ट दिया है। छत्तीस वर्षीय कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर घोषणा की, ''जब मैं खेल के इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं तो यह आसान नहीं है। लेकिन यह सही लगता है। मैंने इसे अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे उम्मीदों से कहीं अधिक दिया है। उन्होंने कहा, ''मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभार लेकर जा रहा हूं जिसने मुझे इस दौरान खेलते हुए देखा।

## टेस्ट रिटायरमेंट के बाद अनुष्का के साथ घर पहुंचे विराट

भारतीय क्रिकेट फैंस को उस वक्त आज एक बड़ा झटका लगा, जब विश्व क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। टेस्ट से अपने संन्यास के एलान के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली अपने घर पहुंचे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से विराट और पत्नी अनुष्का का वीडियो सामने आया है। इससे थोड़ी देर पहले दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए थे। जहां पैपराजी को देखकर विराट मुस्कुराते दिखे थे। टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद विराट कोहली अब पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली पहुंच गए हैं। दिल्ली में विराट कोहली का घर भी है। ऐसे में अब विराट अपनी जिंदगी के इतने बड़े फैसले के बाद अपने घर पहुंचे हैं। जहां वो अपने घरवालों के साथ इस समय को व्यतीत करेंगे। एयरपोर्ट पर अनुष्का और विराट बेहद सादगी भरे अंदाज में नजर आए। अनुष्का ने कैजुअल लुक में हर किसी का ध्यान खींचा, वहीं विराट भी व्हाइट शर्ट-पैंट और व्हाइट शूज में काफी अच्छे लग रहे थे। दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी।






### टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड

विराट ने अपने टेस्ट करियर के दौरान न सिर्फ रिकॉर्ड्स तोड़े, बल्कि क्रिकेट को एक नई पहचान भी दी। टेस्ट क्रिकेट में उनकी 9000 से ज्यादा रनों की उपलब्धि और विदेशों में मिली ऐतिहासिक जीतों को भुलाया नहीं जा सकता।



# 5 दिन के अंदर कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा?

### यह ले सकते हैं कोहली की जगह?

विराट कोहली ने आज अपने इंस्टा हैंडल पर टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया। वे टीम में नंबर-4 पर बैटिंग करते हैं और स्क्वॉड के सबसे अनुभवी मेंबर हैं। उनके जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं।

**श्रेयस अय्यर** - भारत से तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं।

**रजत पाटीदार** - इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वॉड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं।

**सरफराज खान** - भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं।

# भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू की

## 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। रविवार शाम को टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि,आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है।

**9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था** - भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था।



**गुजरात पॉइंट्स टेबल में टॉप पर** -आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पॉइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही।

### आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार

गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी ऑरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है

### आईपीएल 16 मई से शुरू हो सकता है

- आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेड्यूल जल्द जारी होगा।
- बीसीसीआई के एक अधिकारी ने मीडिया से कहा- लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी।
- वहीं, मीडिया ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेड्यूल में प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## लंबित प्रकरणों के निराकरण सहित पटवारियों की समय पर उपस्थिति दर्ज कराने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को कलेक्टेऊट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर समस्त लंबित राजस्व प्रकरणों के तत्परतापूर्वक निराकरण सहित आमजनों की समस्याओं के समय पर प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही भू-अभिलेख के डिजिटाइजेशन के लिए पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के शेष हितग्राहियों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य भी समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस महत्वाकांक्षी कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री में ग्रामवार रिव्यू कर प्रगति लाने तथा आगामी 30 जून तक अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने सहित तकनीकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्वामित्व योजना में भी जिले की प्रगति कम है। इसमें सुधार के लिए जरूरी कार्यवाही सहित समयावधि में दस्तावेज के अंतिम प्रकाशन तथा कुछ ग्रामों के लंबित नक्शा की कार्यवाही भी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह समस्त राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक आवक पत्रों का समय पर अवलोकन कर काम में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने लक्ष्य निर्धारित कर आगामी 15 जून तक पीएम किसान हितग्राही के बैंक खाता लिकिंग व ई केवायसी कार्यवाही भी पूर्ण कराने के लिए कहा। इसके अलावा डायवर्जन के माध्यम से वसूली पर ध्यान केन्द्रित करने तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर कृषि भूमि के व्यवसायिक उपयोग पर संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा विभिन्न मजरा-टोला के नवीन राजस्व ग्राम घोषित होने पर नक्शा तथा नियम व निर्देशों के मुताबिक भू अभिलेख तैयार करने के लिए कहा। बैठक में चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के नियमित रूप से निराकरण, साइबर तहसील में समय पर पटवारी रिपोर्ट प्रस्तुत करने व नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के प्रकरणों में भी गंभीरतापूर्वक दायित्व निर्वाहन के निर्देश दिए। समस्त राजस्व



अधिकारियों को नियम निर्देशों से निरंतर अद्यतन रहने तथा प्राथमिकता के साथ 6 माह से अधिक पुराने प्रकरणों में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि नियमित अंतराल में पटवारियों की फिजिकल बैठक करने के साथ ही सिमरिया, रैपुरा एवं शाहनगर तहसील में अनिवार्य रूप से लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में एक सप्ताह में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं बुधवार, 14 मई को रैपुरा तहसील में लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। इसके पूर्व संबंधित तहसीलदार को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त पटवारियों को नियमित रूप से मुख्यालय पर उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं के निराकरण तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन के लिए पाबंद किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि बार-बार निर्देशों के बावजूद कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित शासकीय सेवक के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के मुताबिक लघु एवं दीर्घ शास्ति से दंडित करने का निर्णय लें। कलेक्टर ने भू अर्जन के शेष लंबित प्रकरणों के तत्काल शत-प्रतिशत निराकरण के सख्त निर्देश भी दिए। साथ ही शासन संधारित मंदिरों की भूमि पर अवैध फसल अथवा अतिक्रमण पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कहा कि 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले मंदिरों की भूमि की नीलामी कर खाते में राशि जमा कराना भी सुनिश्चित किया जाए। पूर्व में गठित विभिन्न समितियों के खाता खुलवाने और आवश्यक मरम्मत संबंधी कार्यो की अनुमति के लिए विभिन्न स्तर पर निर्धारित राशि के प्रावधान अनुसार सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति के संबंध में प्रस्ताव भेजने के लिए कहा।

राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर ने विभिन्न मदों में समय पर वसूली करने तथा अर्थदण्ड की राशि तत्काल जमा कराने सहित आदेश उपरांत इसका पालन सुनिश्चित कराने की बात भी कही। साथ ही प्रत्येक माह रिकवरी कार्यों में प्रगति लाने, लंबित आडिट कण्डिकाओं के निराकरण, ब्रिस्क वसूली कार्यों में प्रभावी कार्रवाई के लिए भी कहा। साथ ही स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ विभिन्न नस्तियां प्रेषित करने के निर्देश दिए। तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के नवीन भवन और आवास निर्माण सहित अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए विधिवत प्रस्ताव प्रेषित करने, इसके लिए उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर खसरा व नक्शा नकल आगामी प्रक्रिया के लिए अविलंब प्रदान करने, नगरीय निकायों और विभिन्न शासकीय विभागों के भूमि आवंटन प्रकरणों के मामलों में नजरी व टेऊस नक्शे के साथ प्रकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह बंटन भूमियों को भू अभिलेख में अहस्तांतरणीय दर्ज करने तथा भू अर्जन के समस्त अवार्ड प्रकरणों को लैंड रिकार्ड में अमल करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष मुआवजा वितरण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण व निर्माणाधीन रेल परियोजना से संबंधित चिन्हांकित मामलों की जांच कर लंबित भुगतान सुनिश्चित कराने तथा सीएम हेल्पलाइन सहित सीएम मॉनिट के मामलों में समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

इसी तरह न्यायालयीन मामलों में जवाबदावा दाखिल करने सहित ग्रीष्मकाल में पेयजल उपलब्धता, खाद्यान्न वितरण, उपार्जित फसल के परिवहन तथा अन्य प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, अधीक्षक भू अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम सहित सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# श्रमदान के जरिए की प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई



**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज सुबह नगर पालिका परिषद पन्ना के तत्वाधान में जनसहभागिता से पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक 12 में दीनदयाल रसोई के पास स्थित 300 वर्ष पुरानी बावड़ी की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले ने भी श्रमदान किया। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के सफाई मित्र एवं अन्य कर्मचारियों, जनअभियान परिषद के वॉलेंटियर द्वारा भी श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही प्राचीन जल स्त्रोतों को निरंतर स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छता की आदत विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने इसे सराहनीय गतिविधि बताते हुए कहा कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों का हरसंभव सहयोग प्राप्त होगा। जिला कलेक्टर ने शहर की जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बावड़ियां हमारी धरोहर हैं। इसलिए इनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सामूहिक श्रमदान कार्य निश्चित ही प्राचीन जल संरचनाओं के पुनर्जीवन के लिए परिणाममूलक साबित होगा। सीएमओ ने चिन्हांकित जल संरचनाओं की साफ सफाई व जीर्णोद्धार कार्य के बारे में अवगत कराया तथा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने की अपील की।

# सरकारी स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर नहीं ले रहे रुचि, परेशान हो रहे दिव्यांग

पन्ना

जिले में शासन के द्वारा दिव्यांग लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं जिसका उद्देश्य दिव्यांग लोगों को उनके आसपास ही वह सुविधा उपलब्ध कराना। जिससे वह चेकअप करवा सके और सर्टिफिकेट बनवाकर अपने लिए संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें परंतु जिन डॉक्टरों पर इन शिवरों की सफलता की जिम्मेवारी है, वहीं लापरवाही कर रहे हैं जिससे इन शिवरों के लगाने का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है । कुछ इसी तरह का मामला पन्ना जिले की रैपुरा तहसील मुख्यालय में लगने वाले शिविर में देखने को मिला 9 मई 2025 को रैपुरा में स्वास्थ्य सिविर लगाया गया परंतु डॉक्टर 1:30 बजे शिविर में पहुंचे और जब पत्रकारों ने उनसे देर से आने का कारण पूछा हैतो उन्होंने कहा हमें जब साधन मिलेगा हम तब आएंगे। इसके अलावा हम कोई बात करना नहीं चाहते। इसके पूर्व भी शिविर लगाया गया था तब अधिकांश डॉक्टर शिविर में पहुंचे ही नहीं थे और शिविर असफल हो गया था । सोचने वाली बात यह है कि अधिकारी कर्मचारी इस तरह की लापरवाही करते हैं खबरें सामने आने के बाद भी उन पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जाती । और यदि अधिकारी ही शिविर में आने को तैयार नहीं है तो इस तरह के सिविर लगाकर लाखों रुपए खर्च करने की आवश्यकता क्या है । स्थानीय लोगों ने संबंधित जिम्मेदार डॉक्टर पर कार्यवाही करने की मांग की हैं ।

# आठ वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को अमानगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना।** अमानगंज पुलिस द्वारा 8 वर्ष से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार आरोपी अमन उर्फ अमर चढ़ार निवासी गैरोली थाना नौगांव जिला छतरपुर के गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ 30 9 2017 को अमानगंज थाना में प्रकरणदर्ज किया था तथा न्यायालय में पेश किया था उक्त मामले में विभिन्न धाराओं के तहत फरार था धारा 363 366 376 पास को का प्रकरण था आरोपी को गिरफ्तार करने हैं थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री तथा अन्य स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों को प्रोत्साहन प्रदान करने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गत शुक्रवार को स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में कलेक्टर सुरेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शिविर में सहभागिता करने वाले बच्चों से संवाद कर शुभकामनाएं दी। जिला मुख्यालय पन्ना में एथलेटिक्स, हॉकी, मलखम्ब, खो-खो,



कब्बडी, मार्शल आर्ट और फुटबाल में 325 खिलाडियों द्वारा सहभागिता की जा रही है, जबकि विकासखण्ड मुख्यालय अजयगढ़ में 120, गुनौर में 59, पवई में 45 और शाहनगर में 50 खिलाड़ी विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 31 मई तक होगा। शुभारंभ कार्यक्रम पर जिला कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर और मानसिक विकास के लिए खेल लाभकारी है। इस शिविर के माध्यम से खिलाड़ियो को अपने रूचि के खेल में आगे बढ़ने के लिए बेहतर मागदर्शन प्राप्त होगा। इससे खिलाड़ी खेल के प्रति जागरूक भी होंगे। कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है। इसके माध्यम से टीम भावना विकसित होने के साथ ही अच्छी बातें सीखने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को निरंतर शिविर में भेजने का अनुरोध करते हुए बच्चों से भी उत्साह के साथ शिविर में शामिल होने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

# सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के पद पर होगी भर्ती

**पन्ना।** हैदराबाद की एजिल सिक्योरिटी फोर्स टेऊनिंग एकेडमी द्वारा जिले के बेरोजगार युवकों की सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आगामी 15 से 23 मई तक शिविर लगाया जाएगा। कक्षा 10वीं से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं 20 से 35 वर्ष के युवा भर्ती के लिए पात्र हैं। दोनों पद पर भर्ती के लिए आवेदकों की ऊंचाई 175 से.मी. होना आवश्यक है।

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अफवाह भ्रामक, जानकारी फैलने पर होगी कार्यवाही

**पन्ना।** पन्ना पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा सोशल मीडिया पर कड़ी एवं पैनी नजर रखी जा रही है। इसलिये पन्ना पुलिस की आम नागरिको से अपील है कि हमेशा विश्वसनीय और आधिकारी स्त्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें। अफवाहों और झूठी खबरों से बचें। यदि कोई जानकरी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ( व्हाट्सएप, फेशबुक, इन्स्टाग्राम, ट्वीटर इत्यादी) के माध्यम से प्राप्त होती है तो उसे शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच कर ले। समाजिक सौहार्द बनाए रखें किसी भी तरह की नफरत या द्वेषपूर्ण सामग्री को साझा करने से बचें। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाहो, भ्रामक, झूठी, आपत्तिजनक या अवैधानिक जानकारी को पोस्ट/वीडियो /लिंक /मैसेज के माध्यम से प्रसारित/शेयर न करें और न हि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रसारित की गई इस तरह की जानकारी को फॉरवर्ड व पोस्ट करें। साथ हि ऐसी अज्ञात ,क्य फाइल/वीडियो लिंक या अन्य किसी लिंक को क्लिक करने पर आप हैकिंग का शिकार भी हो पसकते है अत: इससे बचें एवं सतर्क रहें यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की अफवाहो, भ्रामक, आपत्तिजनक, अवैधानिक एवं सामाजिक सौहार्द विगाड़ने वाली जानकारी को सोशल मीडिया पर प्रसारित या उसे फॉरवर्ड/शेयर करेगा, उसके विरूद्ध पन्ना पुलिस द्वारा शख्त वैधानिक कार्यवाही की जा जाएगी।

# मिस साउथ एशिया यूनिवर्स बनी मीनाक्षी सिंह

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के अंतर्गत आने वाले एक छोटे से गांव की बेटी मीनाक्षी सिंह ने मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब जीत लिया है। वे अब मिस एशिया यूनिवर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मीनाक्षी मूल रूप से सतना जिले की बिरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले छोटे से ग्राम नयागांव की रहने वाली हैं।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान चित्रगुप्त की छठी, भगवान को लगाया गया छप्पन भोग

**पन्ना।** हीरों वीरों झरनों झीलों मंदिरों और बाघों के लिए विश्व विख्यात पवित्र नगरी पन्ना में हर त्यौहार अनोखे अंदाज में मनाए जाते हैं। इसी क्रम में भगवान श्री चित्रगुप्तजी का छठी महोत्सव कायस्थ समाज पन्ना द्वारा ढोल नगाड़ों आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त जी मंदिर पन्ना में भगवान श्री चित्रगुप्तजी को 56 भोग अर्पित किया गया, इसके साथ ही शाम को मंदिर में भजन पूजन नृत्य नऔर संगीत कार्यक्रम की धूम रही। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कायस्थ समाज पन्ना के अध्यक्ष बिंदु खरे ने बताया कि हर वर्ष की भांति इसवर्ष भी कायस्थ समाज के द्वारा प्रकटोत्सव के बाद छठी महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त न्याय एवं बुद्धि के देवता हैं, कायस्थ समाज के अधिकांश लोग गवर्नमेंट जॉब में लगभग हर विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में सहभागिता निभाने वाले समाज के सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए आभार जताया और इसी प्रकार आगे भी मिलजुलकर कार्यक्रम आयोजित करते रहने और समाज में एकता भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

# आबकारी विभाग ने मोटर साइकिल से शराब तस्करी करते हुए दो लोगो को किया गिरफ्तार

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर नवागत जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है । इसी तारतम्य में आबकारी विभाग द्वारा अप्रैल से अब तक में ग्यारह बड़ी कार्रवाई की गई है । एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्तियों द्वारा ले जा रहे 298 पाव देशी शराब का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है ।

आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गुनौर से पवई की तरफ एक मोटर साइकिल से दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहे है । उक्त सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी और उनके निर्देश पर आबकारी स्टाफ को लेकर मौके के लिए रवाना हुए । मौके पर आबकारी टीम द्वारा ग्राम पडरिया के पास सड़क पर छिपकर



इंतजार किया गया । कुछ देर बाद एक मोटर साइकिल पर दो संदेही आते दिखे । आबकारी दल द्वारा उन्हें रोककर पूछताछ की गई । तो उन्होंने अपना नाम जितेंद्र लोधी पिता प्रकाश लोधी , उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कूपना, थाना पवई और विमलेश लोधी पिता पुरुषोत्तम लोधी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कूपना, थाना पवई । मोटरसाइकिल पर रखे सामान के बारे में पूछा तो उन्होंने शराब होना बताया । मौके पर ही जब मोटरसाइकिल पर रखी बड़ी बोरी ( झाल) की विधिवत तलाशी ली तो उसमें छह कागज के कार्टून में 298 पाव देशी शराब प्लेन कुल मात्रा 54 बल्क लीटर अवैध शराब कीमती 22,500 रुपए बरामद हुई । आरोपियों से जब उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस मांगा तो उन्होंने कोई परमिट या लायसेंस न होना बताया । उक्त शराब और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बजाज होंडा लिवो को जप्त कर दोनों आरोपियों को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया । आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया । प्रकरण की विवेचना जारी है । शराब के इस अवैध कारोबार में और भी लोग शामिल हो सकते है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर, आबकारी आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू,नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव और सुशांत सिंह शामिल रहे।

# थाने में पुलिस ने आरोपी से कटवाया जेल वाला केक

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में तीन मई को एक बर्थडे पार्टी के दौरान हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आदतन अपराधी बाबू परिहार को सतना की कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के जन्मदिन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह केक काटने के बाद देशी कट्टे से कई राउंड फायरिंग करता नजर आया था, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था।

वीडियो सामने आने के बाद कोलगवां थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाबू परिहार और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार किया। वहीं आरोपी के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने थाने में आरोपी से अनोखे अंदाज




में केक कटवाया और फिर उसे हथकड़ी पहनाकर जेल भेज दिया। पुलिस का यह तरीका अपराधियों के बढ़ते हौसले को तोड़ने और उन्हें सबक सिखाने के उद्देश्य से अपनाया गया।

बताया जा रहा है कि बाबू परिहार एक आदतन अपराधी है, जिस पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोलगवा थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने बताया कि बीते दिनों सोशल मीडिया में फायर करते हुए आदतन अपराधी का वीडियो सामने आया था। इस पर संज्ञान लेते हुए बाबू परिहार को गिरफ्तार किया गया ओर उससे पूछताछ कर अवैध कट्टे को भी जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि जिस तरह से इन लोगों द्वारा जन्मदिन मनाया गया, वो गलत था। यही वजह है कि इनको जेल भेजने से पहले एक जेल वाला केक कटाया गया, ताकि ऐसे लोगों को ये संदेश जा सके कि अगर ऐसे केक काटोगे तो उसका खामियाजा जेल जाकर भुगतना पड़ेगा।

# पेड़ से टकराया 4 पहिया वाहन, वृद्ध की मौत

**मैहर।** मैहर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत मझटोलवा के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गया। सडक़ हादसे में शंकर पांडेय पिता मोतीलाल पांडेय (58) निवासी बिन्दुनगर की मौके पर मौत हो गई।

हादसे में मृतक की पत्नी और बेटी के साथ वाहन चालक को भी चोट आई है। घायलों को देवलौंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शंकर पांडेय चार पहिया वाहन से छत्तीसगढ़ से लौट रहे थे।

रविवार को अलसुबह जैसे ही वाहन मझटोलवा के पास पहुंचा, चालक की आंख लग गई। एक ही क्षण में वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गया, जिससे आगे बैठे शंकर पांडेय की मौत हो गई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, मंगलवार 13 मई 2025




उप मुख्यमंत्री ने अपने रीवा प्रवास के दौरान अमहिया स्थित निज निवास में आमजनों से भेंट कर उनकी समस्यायें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।



## जिद, जुनून एवं जज्वे से बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है : उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले रीवा संभाग के 66 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जिद, जुनून एवं जज्वे से बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले रीवा संभाग के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि विन्ध्य का भविष्य सुनहरा है और आने वाले दिनों में यह विद्यार्थी अपना योगदान देंगे। उप मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले रीवा संभाग 66 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माखनलाल चतुर्वेदी राष्टीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए रीवा संभाग की चर्चा पूरे प्रदेश में हो रही है। उन्होंने प्रतीभाशाली बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि संस्कारवान शिक्षा ही सर्वोत्तम है। शिक्षित होकर संस्कारवान बनें और आगे बढ़ते रहें। श्री शुक्ल ने कहा कि जीवन में निराश न हों। सफलतायें एवं असफलतायें मिलती रहती हैं अपने लक्ष्य के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि इन बच्चों ने जो अपने अनुभव बताये हैं उससे यह सिद्ध होता है कि इन्हें आगे बढ़ने का मंत्र प्राप्त हो गया है। आगे की शिक्षा में इसी लगन और मेहनत से लगे रहे। उन्होंने रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए संभाग में प्रारंभ किये गये आपरेशन निखार की प्रशंसा की जिसके सार्थक परिणाम सामने आये हैं। उन्होने कहा कि प्रशासन के साथ-साथ शिक्षा विभाग के शिक्षकों व अन्य अधिकारियों ने रीवा संभाग में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए समन्वित प्रयास किया है जो



बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि प्रतिभाशाली बच्चों से अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेगें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों में घमण्ड व अतिरेक की भावना न जागृत हो। आत्मविश्वास कायम रहे जीवन में सफलता के लिए विनम्रता, लगन एवं निष्ठा आवश्यक है जो विद्यार्थियों को समग्रता देती है। श्री मिश्र ने कहा कि समाज में इन प्रतिभाओं की आग्रणी भूमिका रहेगी। उन्होंने अपेक्षा की कि प्रतिभावान छात्र अन्य विद्यार्थियों को भी मार्गदर्शन दें और उनको भी आगे बढ़ाने में मददगार हों। सांसद ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा किये गये नवाचार की प्रशंसा की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों और गुरूजनों के प्रयासों से ही बच्चों ने सफलता प्राप्त की है और विन्ध्य का नाम रोशन किया है जिससे हम सब गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विन्ध्य में व्यवस्थाओं के बदलाव से प्रदेश में गौरव के साथ उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग व प्रशासन के समन्वित प्रयास से विन्ध्य का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी।

इस अवसर पर कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि रीवा का इतिहास शिक्षा के क्षेत्र में समृद्धशाली रहा है। इन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने इसमें और चार चाँद लगा दिये हैं। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह में सभी को गौरव का अनुभव हो रहा है। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उनके परिजनों को इस सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के 66 बच्चों ने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। आप सभी मंजिल पर कायम रहते हुये लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहें। इससे पूर्व कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल, सतना की प्रियल द्विवेदी, सीधी के दिव्यांशु तिवारी तथा रीवा के अंकुर यादव ने अपने अनुभव बताते हुए सफलता के लिए माता-पिता व गुरूजनों के योगदान का श्रेय दिया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण केपी तिवारी ने बताया कि कक्षा 10वीं की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में संभाग के 39 तथा कक्षा 12वीं की सूची में संभाग के 27 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सतना टीपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सीधी केपी सिंह, सिंगरौली के सहायक संचालक आरडी साकेत, माखनलाल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बृजेन्द्र शुक्ला, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार जिला शिक्षा अधिकारी रीवा सुदामालाल गुप्ता ने ज्ञापित किया।

## सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का प्रशिक्षण संपन्न



**रीवा।** नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक (सिविल डिफेंस वालेंटियर्स) आपात की स्थिति में स्थानीय स्तर व्यापक सहायता सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया एवं पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। जिले में भी इसी उद्देश्य से सिविल डिफेंस वालेंटियर्स तैयार किये जा रहे है। उक्त आशय के विचार जिला प्रशासन द्वारा कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम रीवा डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने व्यक्त किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने आवश्यकता के इस समय में सभी से जुड़कर कार्य करने हेतु आग्रह किया। कार्यशाला को एसडीएम वैशाली जैन, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट वीरेन्द्र सिंह जादौन, व सम्भागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास पांडेय प्लाटून कमांडर ने प्रशिक्षार्थियों को विस्तृत रूप से सिविल डिफेंस तकनीकों की जानकारी व डिमांस्ट्रेशन दिया। कार्यक्रम में डीपीओ श्रीमती प्रतिभा पांडेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, डीईओ सुदामा गुप्ता, प्राचार्य जीडीसी डॉ विभा श्रीवास्तव, अमित अवस्थी, बृजेश सिंह, डॉ. मुकेश येंगल सहित विभागीय अधिकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नियम विरुद्ध चलती 7 यात्री बसो एवं एक बिना परमिट ट्रक पर हुई चालानी कार्यवाही

**रीवा।** परिवहन विभाग रीवा ने गूढ़ एवं बहेरा डाबर मार्ग पर जाकर नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। जांच में मुख्यत: यात्रियों का परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई, जिसमे पहले सीधी रीवा मार्ग पर बसो की जांच की गई।यात्री बसों की जांच में किराया सूची दिव्यांग यात्रियों के लिए शासन द्वारा निर्धारित किराए में 50 प्रतिशत की छूट अग्निशमन यंत्र,फिटनेस से संबंधित मापदंडों एवं अवैध परिवहन की जांच की गई इसके अलावा बहेरा डाबर मार्ग पर एक हाइवा बिना परमिट के चलता हुआ पाया गया, उक्त हाईवा के संचालकों ने मौके पर ही 44500/ रुपये का जुर्माना जमा कर वाहन को मुक्त कराया।यह कार्यवाही आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी के द्वारा की गई।परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा लगातार मार्ग पर यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए बसों पर विशेष जांच अभियान चलाया हुआ है।जिसमें बसों के अलावा ऑटो रिक्शा पर भी कार्यवाही की गई है।जांच में सात यात्री बसो को नियम विरुद्ध चलते हुए पाया गया जिनके ऊपर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही से 75000/- हज़ार रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है ।

## प्रचार-प्रसार के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** नागरिक सुरक्षा योजना अन्तर्गत बैकआउट प्रोटोकॉल से संबंधित मानक नियमों से आम नागरिकों को प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक किये जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। आयुक्त नगर निगम, पीआरओ व संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा को ब्लैकआउट के समय आपात स्थिति में आम नागरिकों को नियमों एवं संव्यवहारों के प्रयोग के संबंध में प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक करने का दायित्व सौंपा गया है।

## सेवानिवृत्त जनसंपर्क अधिकारी अरुण मिश्र का निधन

**रीवा।** सेवानिवृत जनसंपर्क अधिकारी श्री अरूण मिश्रा का 12 मई को सुबह 3 बजे हार्ट अटैक से दुखद निधन हो गया। श्री मिश्रा गत 10 वर्षों से लीवर सिरोसिस बीमारी से पी?ित थे। उन्हें 3 मई को बीमार होने पर प्रार्थना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। एक सप्ताह के उपचार के बाद श्री मिश्रा लगभग पूरी तरह से स्वस्थ्य हो गये। आचनक 10 मई को श्री मिश्रा को सीवियर हार्ट अटैक हुआ। उन्हें सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। दो दिनों तक उपचार के बाद 12 मई को श्री मिश्रा ने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रीवा में किया गया। श्री मिश्रा सेवानिवृत्त के बाद रीवा में ही निवास कर रहे थे। श्री मिश्रा के निधन पर जनसंपर्क आयुक्त श्री सुदामखाड़े ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्री मिश्रा मूल रूप से सतना के निवासी थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से शासकीय सेवा शुरू की। श्री मिश्रा 1992 में जनसंपर्क विभाग में सहायक सूचना अधिकारी के पद पर भर्ती हुये। श्री मिश्रा ने मंडला, डिडौरी, उमरिया, सीधी, सिंगरौली तथा रीवा जिले में विभाग में सेवाएं दी। श्री मिश्रा 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत्त हुये। श्री मिश्रा की लीवर सिरोसिस बीमारी का उपचार आईएलबीएस नई दिल्ली से चल रहा था। श्री मिश्रा के दुखद निधन पर संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में शोक सभा करके दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की गयी। प्रभारी सहायक संचालक उमेश तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवप्रसन्न शुक्ला, जनसंपर्क अधिकारी सतना राजेश सिंह, फोटोग्राफर श्रवण श्रीवास्तव ने श्री मिश्रा के निवास स्थल जाकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं अंतिम संस्कार में शामिल हुए। जनसंपर्क संघ के पदाधिकारियों तथा प्रदेश भर के जनसंपर्क अधिकारियों ने भी श्री मिश्रा के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया।

## सीतापुर हनुमना उदवहन सिंचाई परियोजना का सर्वे समय पर पूरा करें : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस के नवीन खण्ड में आयोजित बैठक में सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीतापुर हनुमना उदवहन सिंचाई परियोजना तथा बाणसागर बांध की नहरों का काम पूरा होने के बाद रीवा और मऊगंज जिले के हर खेत में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। इससे खेती में तेजी से विकास होगा और हर किसान समृद्ध बनेगा। सीतापुर हनुमना सिंचाई परियोजना में वन तथा पर्यावरण की स्वीकृति समय पर प्राप्त करके सर्वे का कार्य तेजी से पूरा करें। यह परियोजना इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात सावित होगी। लंबित सिंचाई परियोजनाओं का काम 30 जून तक पूरा कराके आगामी सीजन में किसानों को एक लाख 25 हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की उपलब्ध हो जायेगी। सिंचाई विकास का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीतापुर हनुमना उदवहन सिंचाई परियोजना में मुख्य बांध निर्माण स्थल का निर्धारण कर दिया गया है। वन विभाग से सर्वे की भी अनुमति प्राप्त हो गयी है। सर्वे का कार्य तत्काल शुरू करायें। परियोजना के निर्माण कार्य से 22 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। इसकी प्रतिपूर्ति के लिए हनुमना तहसील में तथा हिनौती गौधाम के पास वृक्षारोपण के लिए वन विभाग को जमीन उपलब्ध करायें। इस सिंचाई परियोजना से मऊगंज जिले में 65 हजार हेक्टेयर सीधी में 28 हजार हेक्टेयर, सिंगरौली में 26500 हेक्टेयर तथा रीवा जिले में 3 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुती सिंचाई परियोजना में नहरों के निर्माण में तेजी लाये तथा 30 जून तक शेष कार्य पूरा करायें। बाणसागर बांध से 18 किलो मीटर तक नहर निर्माण, छुहिया घाटी में सुरंग में लाइनिंग का कार्य, एक्वाडक्ट निर्माण तथा नहरों में लाइनिंग का कार्य तेजी से पूरा करायें। बेला माइनर नहर में भी 51 किलो मीटर में से केवल 21 किलो मीटर का कार्य हुआ है। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम के समीप प्रस्तावित बांध निर्माण का प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें। वन विभाग गौधाम की आंतरिक और बाहर की सड़कों के किनारे वृक्षारोपण की तैयारी कर लें। यहां कम से कम 10 हजार पौधे वर्षाकाल में रोपे जायेगें। उप मुख्यमंत्री ने नहरों में सीपेज रोकने और भूअर्जन की कार्यवाही समय पर पूरी कराने के निर्देश दिये। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के भूअर्जन के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं।

## सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के नामांकन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के नामांकन के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं। आयुक्त नगर निगम को नगरीय क्षेत्रों के लिए तथा सीईओ जिला पंचायत को ग्राम पंचायतों के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास व जिला समन्वयक जन अभियान परिषद को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## चिकित्सालय आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने हेतु हाई पावर समिति गठित

**रीवा**

श्यामशाह चिकित्सालय महाविद्यालय रीवा में चिकित्सालय आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने हेतु हाई पावर समिति गठित की गयी है। इस समिति के अध्यक्ष डीन मेडिकल कालेज तथा उपाध्यक्ष संयुक्त संचालक जीएमएच होंगे जबकि डॉ. अमित चौरसिया को सदस्य व संयोजक एवं डॉ. विनोद यदलवार को सदस्य व सहसंयोजक बनाया गया है। डॉ. चक्रेश जैन सदस्य सचिव होंगे। समिति में सदस्य के तौर पर अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी, डॉ. यत्नेश त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री विनय कुमार श्रीवास्तव, एसडीओ सुधीर कुमार शुक्ला एवं ओमकार मिश्रा, डॉ. जुनैदवेग व डॉ. रवि सिंह बघेल को शामिल किया गया है।

## अफवाहों को रोकने के लिए कलेक्टर मऊगंज ने धारा 163 के तहत जारी किये आदेश

**रीवा।** भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। ऐसी परिस्थिति में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक अपुष्ट सूचनाओं के साथ वीडियो, रील अपलोड और फारवर्ड की जा सकती है। इस आमजनता में आक्रोश तथा कानून और व्यवस्था की स्थिति को खतरा हो सकता है।इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंध के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश का उल्लंघन करके यदि कोई व्यक्ति आवंछित सूचनाएं, भ्रामक समाचार अथवा अफवाहें, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों में पोस्ट अपलोड अथवा फारवर्ड करता है तो उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य अधिनियमों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था सोशल मीडिया अथवा अन्य संचार माध्यमों में कोई भी भ्रामक व अपुष्ट सूचना पोस्ट नहीं करेंगे। भ्रामक समाचारों के वीडियो और रील्स को अपलोड और फारवर्ड नहीं करेगा।

आमजनता किसी अनजान लिंक और अनजान ऐप को डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया में व्हाट्सएप के एडमिन अपने ग्रुपों में केवल प्रमाणित जानकारी ही दर्ज करें। कोई भी तत्थहीन भ्रामक और अफवाह फैलाने वाली सूचना पोस्ट न करें। सभी होटल और लॉज संचालक प्रतिदिन उनके यहां ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी वैध दस्तावेज के साथ निकटतम थाने में उपलब्ध करायें।

## हर आपात स्थिति के लिए सजगता से तैयार रहें : कमिश्नर

**रीवा।** देश की वर्तमान स्थितियों तथा आपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखकर रीवा संभाग के सभी जिलों में सिविल डिफेंस की तैयारियाँ कर ली गयी हैं। कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में शासन के निर्देशों के अनुरूप सिविल डिफेंस की अच्छी तैयारी कर ली गयी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड से सिविल डिफेंस, वालेंटियर्स चुनकर उन्हें प्रशिक्षण दें। प्रमुख औद्योगिक संस्थानों तथा संवेदनशील स्थालों का निरीक्षण कर ले। इन स्थानों में आपदा प्रबंधन और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर मौक ड्रिल भी कर लें। सभी कलेक्टर आपदा प्रबंधन के लिए नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी तैनात कर दें।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सायरन की व्यवस्था कर लें। वालेंटियर्स के रूप में पूर्व सैनिक, एनसीसी, एनएसएस, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी तथा ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को शामिल करें। इन्हें आपदा प्रबंधन का पूरा प्रशिक्षण दें। सभी जिलों में कम्युनिकेशन प्लान के फोन नंबरों को अपडेट कर दें। आपदा प्रबंधन से जु? प्रमुख विभागों के अधिकारियों का व्हाटसएप ग्रुप भी बना लें। आपातकाल में




उपचार व्यवस्था देने के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी पूरी व्यवस्था कर लें। ब्लड बैंक में उपलब्ध खून की प्रतिदिन समीक्षा करें। ब्लड बैंक में पर्याप्त खून उपलब्ध रहे। इसके लिए समुचित प्रयास करें। जिले में फायरबिग्रेड को चुस्त दुरूस्त रखने के साथ सभी प्रमुख सार्वजनिक भवनों में आग बुझाने की समुचित व्यवस्था करें। होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला आदि में रूकने वाले की प्रतिदिन सूची थाने के माध्यम से प्राप्त करें।

कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम 24 घण्टे खुले रहें। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, ब? औद्योगिक संस्थान तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रखें। ब्लैकआउट के संबंध में शासन द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भण्डारण तथा वितरण के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्थाऐं करें। विस्फोटक के भण्डारण स्थालों का भी निरीक्षण अनिवार्य रूप से करायें। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे की बीच आपदा प्रबंधन के संबंध में वस्तु स्थिति की जानकारी ली जायेगी। सोशल मीडिया तथा अन्य संचार माध्यमों में तथ्यहीन और आफवाह फैलाने वाली पोस्ट पर क?ी कार्यवाही करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में डीआईजी राजेश सिंह ने कहा कि प्रमुख स्थलों पर मॉकड्रिल आवश्यक करें। ब्लैकआउट की स्थिति में कार्यालयों एवं पुलिस थानों में बिजली और प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था करें। पेट्रोल पंपों की भी सतत निगरानी करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सिविल डिफेंस के संबंध में आवश्यक तैयारी कर ली गयी है। आपदा प्रबंधन के संबंध में आदेश और निर्देश जारी कर दिये गये हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर सतना सतीश कुमार यश, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी वाटड, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, कलेक्टर सीधी स्वरोचिस सोमवंशी तथा कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने सिविल डिफेंस की गयी तैयारियों की जानकारी दी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विरि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833